4 रायपुर संभाग
सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की जिले के अधिकारी...

6 फीचर
शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत नहीं: दिव्या प्रभा

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
गरीबों को पढ़ाने का जुनून ऐसा की अपने खर्च से फ्री शिक्षा...

10 फिल्मी
महिला केन्द्रित कहानियों को कीजिए सपोर्ट

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 02 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-101 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक आहूत की गई है। यह बैठक अपरान्ह 03 बजे से नया रायपुर महानदी मंत्रालय भवन में होगी।

### नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी सत्ता का दुरुपयोग : आप



**नयी दिल्ली।** आप ने विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि केंद सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान की अचानक गिरफ्तारी पर पार्टी के नेता संजय सिंह ने एक बयान जारी कर आज कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया है तब से लगातार भाजपा, केंद्र सरकार और अमित शाह खुद पार्टी के सिपाहियों को परेशान करने पर लगे गए हैं।

### राइजिंग राजस्थान में विद्यार्थियों को मिलेगा ग्लोबल एक्सपोजर: भजनलाल



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन को लेकर अपना चौथा संकल्प लेते हुए कहा कि सम्मेलन में विद्यार्थियों को ग्लोबल एक्सपोजर मिलेगा। शर्मा ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन को सफल बनाने के लिए दस दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है और इसके तहत अपना यह चौथा संकल्प लिया और कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश के 350 विद्यार्थी स्वयंसेवकों को ग्लोबल एक्सपोजर प्रदान कर सशक्त बनाया जाएगा।

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट और महिलाओं के खेल का विकास प्राथमिकता : जय शाह



**दुबई।** जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेलों में शामिल क्रिकेट की तैयारियां करने के साथ-साथ महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाना है। आईसीसी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद जय शाह ने एक बयान में कहा, मुझे आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाने का सम्मान मिला है और मैं आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा, यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है, क्योंकि हम लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की तैयारी कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री साय की पहल पर बिलासपुर, जगदलपुर व अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 23 करोड़ 64 लाख रुपए की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्टों का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एप्रन विस्तार कार्य के तहत एयरपोर्ट के उड़ान पट्टी के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन में सहूलियत होगी। इसके साथ ही, एयरपोर्ट के लाइटिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा, ताकि रात के समय विमान संचालन को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाया जा सके। जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए एयरस्ट्रिप सुधार के लिए 20.40 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आइसोलेशन बे का निर्माण विमान को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित खड़ा रखने के लिए किया जाता है, जबकि सड़क का चौड़ीकरण यातायात में सुगमता लाएगा। वायर फेंसिंग से एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और संचालन क्षमता में सुधार लाने के लिए उपयोग की जाएगी।

# जीआरपी और लेखा अधिकारी के ठिकानों पर एसीबी ने मारा छापा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रदेश के छह जिलों में एक साथ दबिश दी। इस कार्रवाई में गांजा तस्करी में लिप्त तीन जीआरपी सिपाही और रिश्वत लेते पकड़े गए एक सहायक लेखा अधिकारी पर शिकंजा कसा गया। बिलासपुर में गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए जीआरपी सिपाही मन्नू प्रजापति, संतोष कुमार राठौर और लक्ष्मण गाइन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। एसीबी की छह टीमें रायपुर और बिलासपुर से रवाना हुईं और सुबह-सुबह बिलासपुर, कोरबा, गरियाबंद और कोंडागांव जिलों में इनके ठिकानों पर छापेमारी की। तीनों के निवास स्थानों एवं अन्य जगहों से लाखों रूपये के कीमती आभूषण, मकान एवं जमीन के दस्तावेज, कई बैंक एकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। इससे पहले 12 सितंबर को कवर्धा जिले के जनपद पंचायत बोडला में सहायक लेखा अधिकारी नरेन्द्र कुमार राउतकर को एसीबी ने 1 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी ने ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की किस्त जारी करने के लिए यह रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने रविवार की छुट्टी का फायदा उठाते हुए छापेमारी को गोपनीय रखा। सुबह छह बजे जब टीमें आरोपियों के घर पहुंचीं, तो घर के लोग भौंचक्के रह गए। मौसम भी बरसात का था, जिससे दबिश को अंजाम देना आसान हुआ। एसीबी अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण जारी है। जांच पूरी होने के बाद आरोपियों के खिलाफ और मजबूत कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार की गंभीरता को दिखाती है, बल्कि आम जनता में एक सख्त संदेश भी देती है।

## महाराष्ट्र के सीएम के नाम पर सस्पेंस जारी, शिंदे के 'बड़े फैसले' पर टिकी सबकी निगाहें

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सरकार महायुति की बनेगी ये तो तय हो गया है लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, ये अबतक तय नहीं हो पा रहा है। सरकार के गठन को लेकर सभी की निगाहें अब पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे पर टिकी हुई हैं। एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं, उनके पारिवारिक डॉक्टर ने कहा कि एकनाथ शिंदे पिछले दो दिनों से बुखार और गले के संक्रमण से पीड़ित हैं, उन्होंने कहा कि वह सतारा जिले में अपने पैतृक गांव में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। इस बीच आज महायुति की बैठक होने वाली है, जिसमें सीएम के नाम को लेकर चर्चा होगी। समाचार एजेंसी ने केयरटेक सीएम के पारिवारिक डॉक्टर डॉ. आरएम पात्रे के हवाले से बताया कि तीन से चार डॉक्टरों की एक टीम एकनाथ शिंदे का इलाज उनके पैतृक गांव में कर रही है। भाजप के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, जिसे महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के रूप में भी जाना जाता है, ने राज्य विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल की है, जिसके बाद से शिवसेना सुप्रीमो एकनाथ शिंदे सुर्खियों में हैं। कई दिनों के सस्पेंस के बाद, एकनाथ शिंदे ने इस सप्ताह की शुरुआत में घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व जो भी फैसला करेंगे, उसे स्वीकार करेंगे।

## एड्स पर नियंत्रण संबंधी लक्ष्य वर्ष 2030 तक करेंगे हासिल : नड्डा



**इंदौर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने एचआईवी और एड्स से प्रभावित लोगों की संख्या में कमी लाने और मृत्यु की संख्या को कम करने के लिये सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये है। यह लक्ष्य वर्ष 2030 तक हासिल कर लिए जाएंगे। नड्डा ने इंदौर में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित 'राष्ट्रीय आयोजन' को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## तेलंगाना मुठभेड़ में नक्सली नेता समेत 7 माओवादी ढ़ेर

पायनियर संवाददाता ◄ मुलुगु (तेलंगाना)
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ व तेलंगाना की सीमा पर मुलुगु जिले के इटुरनगरम वन क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली नेता सहित सात माओवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, माओवादी विरोधी दस्ते के साथ समन्वय में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स ने जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ होने पर माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गये। मृतकों की पहचान नक्सली नेता कुरसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पापन्ना (35), एगोलापु मल्लैया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), जय सिंह (25), किशोर (22), कामेश (23) के रूप में हुयी। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से दो एके-47, एक इंसास रायफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग जारी है। मुलगु जिले के पुलिस अधीक्षक शबरी सिंह ने बताया कि जिले के चालपाका के जंगलों में माओवादियों की होने की सूचना मिली थी जिसके तहत ग्रेहंट जवानों को इस इलाके में भेजा गया था।

## भारतीय इतिहास को विकृत किया गया : जगदीप धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय इतिहास को विकृत किया गया है और कुछ लोगों का एकाधिकार बनाया गया है। धनखड़ ने यहां राजा महेंद्र प्रताप की 138वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे इतिहास की किताबों ने हमारे नायकों के साथ अन्याय किया है। हमारे इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया है और कुछ लोगों का एकाधिकार बना दिया गया है कि उन्हीं के कारण हमें स्वतंत्रता मिली। उन्होंने कहा, यह हमारी अंतरात्मा पर एक असहनीय पीड़ा है। यह हमारे दिल और आत्मा पर एक बोझ है और मुझे यकीन है कि हमें इसमें बड़ा बदलाव लाना होगा। इससे कोई बेहतर अवसर नहीं हो सकता था जब उस समय वर्ष 1915 में पहले भारत सरकार का गठन हुआ था। धनखड़ ने कहा कि राजा महेंद्र प्रताप एक जन्मजात कूटनीतिज्ञ, एक जन्मजात राजनेता, एक दूरदर्शी और एक राष्ट्रवादी थे। उन्होंने कहा कि राजा महेंद्र प्रताप ने राष्ट्रीयता, देशभक्ति और दूरदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने आचरण के माध्यम से दिखाया कि राष्ट्र के लिए क्या किया जा सकता है। स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की उपेक्षा पर दुःख व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा, यह क्या अन्याय है, यह क्या त्रासदी है। हम अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में हैं। हम इस महान व्यक्ति की ऐसी वीरता को पहचानने में असफल रहे हैं। हमारे इतिहास ने उन्हें वह स्थान नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। यदि आप हमारे स्वतंत्रता संग्राम की नींव को देखें, तो हमें बहुत अलग तरीके से सिखाया गया है। हमारी स्वतंत्रता की नींव उन लोगों की सर्वोत्तम बलिदानों पर बनी है, जैसे राजा महेंद्र प्रताप सिंह और अन्य गुमनाम नायक। उन्होंने कहा कि इन गुमनाम नायकों को उचित सम्मान नहीं मिला। उप राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 1932 में इस महान आत्मा और महान दूरदर्शी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। इतिहास लेखन के तरीके पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए उप-राष्ट्रपति ने कहा, हम अपने इतिहास को उन लोगों को कृपा और चापलूसी करने वालों पर नहीं छोड़ सकते।

## वर्तमान स्थिति में अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए समान अवसर जरूरी : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के आर्थिक हालात लगातार खराब हो रहे हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर दो साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है इसलिए सबको समान अवसर देकर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की जरूरत है। गांधी ने कहा, भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4 प्रतिशत पर आ गई है। बात साफ है- भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती जब तक इसका फ़ायदा सिर्फ़ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मज़दूर, मध्यमवर्ग और ग़रीब तरह- तरह की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों। उन्होंने स्थिति को चिंताजनक बताया और कहा, खुदरा महंगाई दर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में इस वर्ष आलू और प्याज़ की क़ीमत लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है। रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है और बेरोज़गारी पहले ही 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। पिछले पांच सालों में मज़दूरों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों की आमदनी या तो ठहर गई है या काफी कम हो गई है। आमदनी कम होने से मांग में भी कमी आई है। दस लाख से कम क़ीमत वाले कारों की बिक्री में हिस्सेदारी घटकर 50 प्रतिशत से कम हो गई है, जो 2018-19 में 80 प्रतिशत थी। गांधी ने कहा, सस्ते घरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी घटकर क़रीब 22 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले साल 38 प्रतिशत थी। एफ एमसीजी प्रोडक्ट्स की मांग पहले से ही कम होती जा रही है। कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा पिछले 10 सालों में सात प्रतिशत कम हुआ है जबकि इनकम टैक्स 11 प्रतिशत बढ़ा है। नोटबंदी और जीएसटी की मार से अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 50 वर्षों में सबसे कम सिर्फ 13 प्रतिशत रह गया है।

## भाजपा राष्ट्र हित में कार्य करने वाली पार्टी : डॉ. रंजन शर्मा

एजेंसी ◄ कुशीनगर
www.dailypioneer.com



भाजपा संगठन चुनाव के जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा ने कहा कि भाजपा ही राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य करने वाली राजनीतिक पार्टी है।भाजपा में जहां देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कार्य किया जाता है, वहीं आतंरिक लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए संगठन के कार्यों को भी लोकतांत्रिक रूप से पूरा किया जाता है। रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व द्वितीय चरण की जिला कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि भाजपा में बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सक्रिय सदस्यों को ही पदाधिकारी बनाया जाता है। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, इसलिए आंतरिक लोकतंत्र भी हमारे अंदर होता है। उसी के अनुसार संगठन के चुनाव होते हैं। दूसरों की तरह किसी को लाकर नहीं बिठाते। संगठन पर्व चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष के बाद प्रदेशाध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सक्रिय सदस्य अपनी भूमिका निभाते हैं।

## भारत ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को छह विकेट से हराया

एजेंसी ◄ कैनबरा
www.dailypioneer.com



हर्षित राणा के (चार विकेट) के बाद शुभमन गिल (रिटायर्ड नाबाद 50), यशस्वी जायसवाल (45), नीतीश कुमार रेड्डी (42) रनों की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने मनुका ओवल में गुलाबी से खेले गये अभ्यास मैच में आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को छह विकेट से हरा दिया। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। इसी दौरान केएल राहुल (नाबाद 27) रन पर रिटायर्ड हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शुभमन गिल ने जायसवाल के साथ पारी को संभाला। 17वें ओवर में चार्ली एंडरसन ने यशस्वी जायसवाल (45) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर विफल रहे और तीन रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल (नाबाद 50) रन बनाकर रिटायर्ड हुये। नीतीश कुमार रेड्डी ने (42) रनों की पारी खेली। रवींद्र जाडेजा (27) और सरफराज खान (एक) रन बनाकर आउट हुये। वॉशिंगटन सुंदर (37) रन बनाकर और देवदत्त पड़िक्कल (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 46 ओवर में पांच विकेटपर 256 रन बनाये। भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीता। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश की ओर से चार्ली एंडरसन ने दो विकेट लिये। लॉयड पोप, मैट रेनशॉ और जैक क्लेटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम ने आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। मोहम्मद सिराज ने भारत को पहली सफलता मैट रेनेशॉ को आउट कर दिलाई। इस दौरन बीच में बारिश के कारण कुछ देर खेल रूका रहा।

### चेन्नई हवाई अड्डा उड़ान संचालन फिर से शुरू

# चक्रवाती तूफान फेंगल ने मचाई तबाही, अब तक तीन लोगों की मौत

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



चक्रवात फेंगल के कारण उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हुई। फेंगल पुडुचेरी के समुद्री तट के करीब पहुंचा। चक्रवात के कारण हो रही बारिश की वजह से चेन्नई हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा, शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया है। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह 4.00 बजे से उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया है। चक्रवात के कारण सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। चेन्नई में चक्रवाती तूफान फेंगल की वजह से हुई भारी बारिश, अलग-अलग घटनाओं में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश से शहर के कई हिस्सों में बाढ़ आ गई। हालांकि, तमिलनाडु और पुडुचेरी में किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली, जहां भारतीय सेना ने केंद्र शासित प्रदेश में बाढ़ वाले इलाके से 100 से अधिक लोगों को बचाया है।

### भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात फेंगल ने रविवार की रात को लगभग 2 बजे भूस्खलन की प्रक्रिया पूरी की। भूस्खलन के बाद, चक्रवात फेंगल के पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले छह घंटों के भीतर धीरे-धीरे कमजोर होकर गहरे दबाव में बदलने का अनुमान है। तमिलनाडु में अगले 48 घंटों तक भारी बारिश होने की संभावना है। चेन्नई हवाई अड्डे ने रविवार सुबह 4 बजे तक अपने सभी परिचालन निलंबित कर दिए थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के कई हिस्सों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इस क्षेत्र में हाई टाइड और भारी वर्षा का अनुमान लगाया गया है। चक्रवात फेंगल का लैंडफॉल पुडुचेरी के समुद्री तट के पास शुरू हो गया है। आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान अगले तीन से चार घंटों में तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार करने की संभावना है। तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज हवाओं का कहर जारी है। चेन्नई में उड़ान और ट्रेन सेवाओं को रद्द कर दिया गया है।

## वाणिज्यिक एसएमएस के प्रेषक-प्राप्तकर्ता की पहचान की शर्तें अब 11 दिसंबर से होगी लागू

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी (ट्राई) ने दूरसंचार नेटवर्क के माध्यम से प्रेषित किए जाने वाले सभी संक्षिप्त वाणिज्य संदेशों (वाणिज्यिक एसएमएस) के प्रेषक से लेकर प्राप्तकर्ता के बीच की कड़ियों की पहचान रखने के दिशानिर्देशों को लागू करने की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। एसएमएस पहुंचाने वाली एक्सेस सेवाप्रदाता कंपनियां ऐसे सभी संदेशों को 11 दिसंबर से अस्वीकार कर दिया करेंगी जिनके प्रेषक और प्राप्तकर्ता के बीच की कड़ी के बारे में नियम के अनुसार सूचना नहीं दी गई होगी। यह जानकारी ट्राई की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। दूरसंचार विनियामक ने वाणिज्यिक एसएमएस के संप्रेषण की सुविधा प्रदान करने वाली एक्सेस प्रोवाइडर कंपनियों, संदेश भेजने वाली मुख्य इकाइयों (पी ई) और ताली मार्केटिंग कंपनियां (टीएम) को इस संबंध में व्यवस्था करने के लिए 20 अगस्त को कुछ दिशा निर्देश दिए थे और कहा था कि उन्हें पहली नवंबर से लागू किया जाए। ट्राई ने 28 अक्टूबर को एक और निर्देश जारी कर इसे लागू करने की तैयारी के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर तक बढ़ा दी थी। ट्राई के नए दिशा निर्देशों के अनुसार 11 दिसंबर से ऐसे सभी वाणिज्यिक संदेशों को एक्सेस प्रोवाइडर इकाइयों द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा।



# संजय निषाद ने शाकुंबरी देवी मंदिर से शुरू की संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा

एजेंसी < सहारनपुर
www.dailypioneer.com



निषाद पार्टी के संस्थापक, अध्यक्ष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में मत्स्य पालन मंत्री डॉ.संजय निषाद ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर सहारनपुर से सोनभद्र तक निकलने वाली संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा जिले के कस्बा सरसावा में पहुंची, जहां उन्होंने जिला कश्यप समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन 200 इलाकों से होकर गुजरेगी जहां अति पिछड़ों जैसे निषाद, मल्लाह, केवट और कश्यप आदि बिरादरियों की आबादी 70 हजार से एक लाख तक है। उनका लक्ष्य इन बिरादरियों को विकास की मुख्य धारा में जोडने का है। उन्होंने इन जातियों से अपील की कि वे जनगणना के दौरान खुद का नाम अनुसूचित जाति के कालम में दर्ज कराए। डा. निषाद ने कहा कि केंद्र सरकार के गजट में ये बिरादरियां अनुसूचित जाति में शामिल है जबकि उत्तर प्रदेश में उन्हें ओबीसी वर्ग में असंवैधानिक रूप से शामिल कर दिया गया था और फिर 21 दिसंबर 2016 को पिछडा वर्ग से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि 1991 तक इन जातियों की गिनती अनुसूचित जाति में होती थी और उसी के प्रमाण पत्र मिलते थे। स्थिति यह हो गई कि पिता के पास एससी का और बेटे के ओबीसी का प्रमाण पत्र था। उन्होंने कहा कि यह जातियां निषाद राज के वंशज है। मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह पिछडा वर्ग से बाहर कर दी गई जातियों को जागरूक कर अनुसूचित जाति में पुनवर्गीकृत करने के लिए संघर्ष को प्रेरित करने निकले है। उन्हीं के आंदोलन से लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उनकी पार्टी के भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल होने मात्र से यह मांग पूरी होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने पर अखिलेश यादव पीडीए का नारा लगा रहे है। जब उनकी सरकार थी तो उसमें ठाकुर अमर सिंह और मोहम्मद आजम खां का बोलबाला था। इसी तरह मायावती के शासन में सतीश चंद मिश्रा छाए रहे जबकि निषाद पार्टी निचले पायदान पर मौजूद अशिक्षित, शोषित, पीडित जातियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए प्रयत्नशील है।

# मंगुभाई पटेल से मुलाकात की राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिष्टाचार भेंट की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह भेंट यहां राजभवन में हुयी। दोनों प्रदेशों के राज्यपालों ने परस्पर विकास के विभिन्न विषयों पर अनौपचारिक चर्चा की। राज्यपाल पटेल ने बिहार के राज्यपाल आर्लेकर का शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। राज्यपाल पटेल का बिहार के राज्यपाल आर्लेकर ने अंग वस्त्र और स्मृति प्रतीक भेंटकर अभिनंदन किया।

## जमीन अधिग्रहण को लेकर जिला प्रशासन को झेलना पड़ा किसानों का विरोध

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के ढाढ़ा ( हाटा) चीनी मिल की डिस्टलरी लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण करने से किसानों ने रोक दिया था। वर्षों से किसानों के विरोध के कारण जमीन का अधिग्रहण नहीं हो सका। लिहाजा, कई थानों की पुलिस जमीन अधिग्रहण करने पहुंची, जहां किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान किसानों से पुलिस की खूब नोकझोंक हुई। मौके पर अफरातफरी का माहौल कायम रहा। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दर्जनों किसानों को हिरासत में लिया है। मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# भारत को अपनी ऐतिहासिक भूमिका के लिए उचित श्रेय का दावा करना बाकी: विलियम डेलरिम्पल

एजेंसी < तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



प्रसिद्ध लेखक विलियम डेलरिम्पल ने केरल के कोवलम में हडल ग्लोबल के समापन दिवस पर कहा है कि भारत ने अभी तक ज्ञान और विश्व व्यापार के केंद्र के रूप में अपनी ऐतिहासिक भूमिका के लिए उचित श्रेय का दावा नहीं किया है, जबकि चीन और ग्रीस जैसे अन्य देशों ने मानवता में उनके योगदान को उजागर करने के लिए कसीदे गढ़े हैं। आईटी पावरहाउस के रूप में भारत के उदय का जि करते हुए डेलरिम्पल ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि भारतीय ज्ञान मानव जाति के विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का एक हिस्सा था जिसने बहुत पहले ही मानव जाति के बड़े सवालों का जवाब दे दिया था जैसे कि हम यहां क्यों हैं, नैतिक जीवन कैसे जीएं, पृथ्वी का स्वर्ग से क्या संबंध है और पृथ्वी का आकार क्या है। गैलीलियो से सदियों पहले आर्यभट्ट ने कहा था कि पृथ्वी ब्रह्मांड का केंद्र नहीं है, लेकिन बाद में इस खोज को मान्यता मिली। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित ज्ञान बाद में यूरोपीय उपनिवेशवादियों के हाथों में हथियार बन गया, जिन्होंने इसका इस्तेमाल प्रभुत्व स्थापित करने और व्यावसायिक लाभ हासिल करने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत के दौरे पर आए चीनी विद्वान तक्षशिला विश्वविद्यालय को देखकर चकित थे, जो उस समय एक समृद्ध शिक्षा केंद्र था और उस विश्वविद्यालय की भौतिक संरचना ने तब से दुनिया भर के विश्वविद्यालयों को प्रभावित किया है, जिसमें बड़े प्रांगणों के आसपास शिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं। लेकिन भारत को अपना मामला पेश करने के लिए आज के बिहार में स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत अवशेषों की खुदाई करना बाकी है। डेलरिम्पल ने यह भी बताया कि भारत के प्राचीन समुद्री व्यापार मार्ग चीन के सिल्क रोड की तुलना में सांस्कृतिक और व्यावसायिक रूप से अधिक व्यस्त थे। भारतीय बंदरगाहों, विशेष रूप से भारत के पश्चिमी तट पर मुज़िरिस और रोम और मिस्र जैसे क्षेत्रों के बीच संबंध अत्यधिक महत्वपूर्ण थे। प्राचीन भारत में भूमध्यसागरीय, फ़ारसी और यूनानी प्रभावों के साथ कला और विद्वता पर पारस्परिक प्रभाव के साथ व्यापक एकीकरण था।

# दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र नई दुग्ध क्रांति में निभाएगा अहम भूमिका

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में नवनिर्मित दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र नई दुग्ध क्रांति में अहम भूमिका निभाएगा। हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस 50000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन किया है। उल्लेखनीय है कि दत्तनगर में पहले से 20000 लीटर क्षमता का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र और पांच मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता का एक पाउडर प्लांट 2012 से क्रियाशील है और इस नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के बनने से दत्तनगर में कुल 70000 लीटर प्रतिदिन की क्षमता हो गई है। दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र दत्तनगर में 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता को क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों के लाभ के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और हिम गंगा योजना के तहत 25.67 करोड रुपये की लागत से बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों व दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जा सकेगा और लाभ पहुँचाया जायेगा। यह संयंत्र दूध, घी, मक्खन, पनीर, लस्सी और फ्लेवर्ड मिल्क का उत्पादन करेगा। संयंत्र के बनने से न केवल क्षेत्र में दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा बल्कि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। हिमाचल प्रदेश दुग्ध उत्पादक प्रसंघ चार जिलों यानि शिमला, कुल्लू, मण्डी और किन्नौर से दूध एकत्र कर रहा है। 2012 के दौरान इन क्षेत्रों में दुग्ध संग्रह मात्र 25000 से 26000 प्रतिदिन था, जो आज की तारीख में बढ़कर एक लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है, जिसमें 95 प्रतिशत दूध कुल्लू क्षेत्र से एकत्रित किया जा रहा है। प्रसंघ किन्नौर के चांगो तक दूर–दराज के इलाकों से यहा दूध एकत्र कर रहा है। हिमाचल प्रदेश दुग्ध उत्पादक प्रसंघ 1980 में पंजीकृत किया गया था, लेकिन राज्य सरकार द्वारा मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर, सोलन और शिमला जिलों के कुछ हिस्सों में डेयरी विकास गतिविधियों को स्थानांतरित करने के बाद दो अक्टूबर 1983 से प्रसंघ का प्रभावी ढंग से संचालन शुरू किया गया। उल्लेखनीय है कि जुलाई 1992 से हिमाचल प्रदेश के शेष हिस्सों की दुग्ध आपूर्ति योजनाओं को दुग्ध प्रसंघ में हस्तांतरित कर दिया गया था। इसके संचालन के लिए, राज्य को प्रसंघ द्वारा तीन इकाइयों कांगड़ा, मंडी और शिमला में विभाजित किया गया है।

# कांग्रेस सरकार के दो साल पूरा होने पर भाजपा का प्रदर्शन

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस सरकार के कार्यकाल दो वर्ष पूरा होने पर भाजपा पूरे प्रदेश भर में धरना व प्रदर्शनों का आयोजन करेगी। कांग्रेस पार्टी के जश्न में भाजपा ने रोड़ा बन कर खड़े होने की रणनीति बनायी है। जिस दिन कांग्रेस बिलासपुर में अपने दो साल के कार्यक्रम का आयोजन करेगी वहीं भाजपा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से शिमला में मिलेगा और उनको एक ज्ञापन भी सौंपेगा। रोचक बात यह है कि इन दोनों कार्यक्रमों की तिथि 11 दिसंबर ही होगी। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सतपाल सत्ती, हर्ष महाजन, इंदु गोस्वामी, सिकंदर कुमार सहित सभी बड़े नेता इस प्रतिनिधिमंडल के भाग होंगे।

भाजपा के सभी विधायक व संसद भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, माना जा रहा है कि भाजपा राज्यपाल को कांग्रेस सरकार की खामियों पर एक बुकलेट दे सकता है। भाजपा पूरे प्रदेश भर में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शनों का आयोजन करेगा, जो कि सात दिसंबर से प्रारंभ हो जाएंगे। इन प्रदर्शनों में भाजपा का समस्त नेतृत्व प्रदर्शनों का नेतृत्व करेगा नेता प्रतिपक्ष ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल चारों संसदीय क्षेत्रों का प्रवास करेंगे और धरनों के माध्यम से कांग्रेस सरकार को सड़कों पर बेनकाब करेंगे। भाजपा के इन धरनों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को भाजपा में एकता का संदेश भी दे दिया है। मुख्यमंत्री कई बार भाजपा में गुटों का उल्लेख कर चुके हैं पर जयराम, अनुराग और राजीव बिंदल का एक मंच पर आना पूरे प्रदेश में धरनों का नेतृत्व करना मुख्यमंत्री को उनके सवालों का जवाब दे देगा। इस दौरान 18 दिसंबर को भाजपा धर्मशाला में हो रहे विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने का भी काम करेगी। धर्मशाला में धरने के आयोजन की भी बात है जिसमें भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा की ओर से 10 दिसंबर को शिमला में महा धरना होगा जिसमें आठ विधानसभा क्षेत्र अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। अगर एक मंडल से 300 का संख्याबल भी आएगा तो इस धरने में 2400 भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला, चेहरा ढक कर भागे लोग



**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य लोगों पर मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसके बाद उनके आसपास के लोगों ने उन्हें घेर लिया और रुमाल और तौलिये से ढक कर उनका बचाव किया। माधव राष्ट्रीय उद्यान के चांदपाठा झील में इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना में घायल हुए कोतवाली थाने के अधिकारी कृपाल सिंह ने मीडिया को बताया कि केंद्रीय मंत्री के सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके चारों ओर घेरा बना लिया। उन्हें मधुमक्खियों से बचाने के लिए रुमाल और तौलिये का इस्तेमाल किया।

## संजौली मस्ज़िद मामले में शिमला कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को तगड़ा झटका

**शिमला।** संजौली मस्जिद मामले में ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की याचिका को शिमला जिला अदालत ने खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त की अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। इसके मुताबिक संजौली मस्जिद से अवैध हिस्सा हटाने का काम जारी रहेगा। मुस्लिम वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने नगर निगम आयुक्त की अदालत के फैसले को जिला अदालत में चुनौती दी थी। इससे पहले नगर निगम आयुक्त की अदालत ने संजौली मस्जिद कमेटी के हलफनामे के आधार पर मस्जिद से ऊपर की तीन मंजिलें दो महीने के भीतर हटाने के आदेश दिए थे। इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिला अदालत अदालत पहुंचा था। वहीं संजौली मस्जिद को लेकर नगर निगम आयुक्त की अदालत में मामला विचाराधीन है और अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होनी है।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 6 से अधिक घायल

एजेंसी < सिवनी
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में एंबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। एंबुलेंस में सवार व्यक्ति बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार धूमा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 34 पर यह हादसा हुआ। घायलों को लखनादौन के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर भेज दिया गया। सूत्रों ने कहा कि आंध्रप्रदेश से एक परिवार एंबुलेंस के जरिए मरीज को लेकर जा रहा था। तभी सिवनी जिले के धारपाठा गांव के पास एंबुलेंस वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पैदल चल रहे क्षेत्रीय निवासी एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद अनियंत्रित हुआ एंबुलेंस वाहन सड़क किनारे खंभे से टकराकर कुछ फीट नीचे मैदानी क्षेत्र में जाकर पलट गया।

## जमीन अधिग्रहण को लेकर जिला प्रशासन को झेलना पड़ा किसानों का विरोध

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के ढाढ़ा ( हाटा) चीनी मिल की डिस्टलरी लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण करने से किसानों ने रोक दिया था। वर्षों से किसानों के विरोध के कारण जमीन का अधिग्रहण नहीं हो सका। लिहाजा, रविवार की सुबह कई थानों की पुलिस जमीन अधिग्रहण करने पहुंची, जहां किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान किसानों से पुलिस की खूब नोकझोंक हुई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम रहा। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दर्जनों किसानों को हिरासत में लिया है। मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# आंध्र प्रदेश और यनम में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अनुमान

एजेंसी < अमरावती (आंध्र प्रदेश)
www.dailypioneer.com

तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि इसी अवधि के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। अगले सात दिनों के दौरान तटीय



आंध्र प्रदेश और यनम और रायलसीमा में कई स्थानों पर या कुछ स्थानों पर या एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान, तिरुपती जिले, चित्तूर जिले, रायलसीमा के वाईएसआर जिले में बहुत भारी बारिश हुई। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के एसपीएसआर नेल्लोर जिले में भी भारी बारिश हुई। तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अधिकांश स्थानों पर और रायलसीमा में कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

## रास्ता खोलो अभियान में 15 दिन में 132 रास्ते खोल कर दिलाई राहत

एजेंसी < 'जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के जयपुर में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान के तहत महज 15 दिन में 132 रास्ते खोल कर आमजन को राहत दिलाई है। गत 15 नवंबर को शुरू हुए रास्ता खोलो अभियान की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महज 15 दिनों में जिला प्रशासन ने सहमति एवं समझाइश की नीति से जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 132 रास्तों को खुलवाने में कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल ऑफिसर सुमन पंवार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर रास्ता खोलो अभियान के तहत बरसों से बंद रास्ते खुले तो ग्रामीणों एवं आमजन की गांवों और खेतों तक की राह आसान हुई। उन्होंने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत विगत 15 दिनों में जोबनेर तहसील में सर्वाधिक 11 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, चौमूं एवं सांगानेर तहसील में 10-10 रास्ते, आमेर, आंधी, शाहपुरा, फुलेरा एवं माधोराजपुरा में नौ-नौ रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत किशनगढ़-रेनवाल एवं चाकसू तहसील में आठ-आठ रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में सात रास्ते, बस्सी एवं कोटखावदा तहसील में छह-छह रास्ते, रामपुरा-ड़ाबड़ी, जालसू में पांच-पांच रास्ते, कालवाड़, तुंगा तहसील में चार-चार वहीं, जयपुर तहसील में जिला प्रशासन को तीन रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल हुई।

## दार्जिलिंग चिड़ियाघर में सफेद बाघ और सुनहरे सियार पहुंचे

**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग चिड़ियाघर लाल पांडा जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का गढ़ है और दो सफेद बाघों और सुनहरे सियारों के आने से चिड़ियाघर और अधिक आकर्षक और समृद्ध हो गया है। यह जानकारी अधिकारिक सुत्रों ने दी। दार्जिलिंग शहर के उच्चतम स्थल में स्थित पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में इस सर्दियों की छुट्टी में ज्यादा पर्यटकों के आने की संभावना है। छह महीने पहले चिड़ियाघर में चार लाल पांडा और एक जोड़ी हिम तेंदुए का जन्म हुआ था। शावकों का नामकरण हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया था। चिड़ियाघर के अधिकारियों के अनुसार, दो सफेद बाघ और सुनहरे सियार को नेहरू प्राणी उद्यान, हैदराबाद से लाया गया था।

## मिट्टी धंसने से चार बच्चियों की दबकर मौत, एक घायल



**बक्सर।** बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह मिट्टी धंसने से चार बच्चियों की दबकर मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरेंजा राजकीय बुनियादी स्कूल के समीप बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं। इस दौरान उनके उपर टीला भरभरा कर गिर गया, जिससे बच्चियां दब गयीं। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में चार बच्चियों की दबकर मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गयी। घायल बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

## प्रताप गढ़ जिले में डंपर की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में थाना क्षेत्र हथिगवां के बेति गांव के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक सोनू सोनकर (25) थाना कुंडा के बाबू गंज कस्बे का निवासी था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुट गई है। सोनू हाउदेश्वर नाथ धाम दर्शन करने जा रहा था। घटना के बाद चालक डंपर छोड़ कर फरार हो गया। घटना को लेकर मौके पर हड़कंप मच गया।

# 5.92 लाख लोगों की एचआईवी जांच हुई: सुखविंद्र सिंह सुक्खू

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में एचआईवी के लिए 234 जांच शिविरों में 5.92 लाख लोगों की जांच की गई। सुक्खू शिमला में 37वें विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम 'सही राह पर चलें' विषय पर आधारित था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एचआईवी जागरूकता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'कार बिन' पहल की शुरुआत की। पहले चरण में, चार हजार टैक्सियों को 'कार बिन' निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे तथा चरणबद्ध तरीके से राज्य में सभी 30 हजार टैक्सियों को कवर करने की योजना है। सुक्खू ने कहा कि राज्य ने एचआईवी से निपटने और समग्र स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए पिछले दो वर्षों में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित व्यक्तियों को जागरूकता, जांच और दवा तक समान पहुंच प्रदान की जा रही है। वर्ष, 2024 में आठ लाख लोगों को एचआईवी के बारे में जागरूक किया गया और जनवरी, 2023 से अक्तूबर, 2024 तक 234 जांच शिविर आयोजित किए गए। इन जांच शिविरों में रिकॉर्ड 5,92,902 व्यक्तियों की एचआईवी जांच की गई। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में 55 जांच और परामर्श केंद्र हैं, साथ ही दो मोबाइल जांच वाहन भी हैं, जिनमें मुफ्त एचआईवी जांच सेवा प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री ने एचआईवी की रोकथाम के लिए गैट अवेयर, गैट टेस्टिड व गैट विक्ट्री ओवर एचआईवी '3-जी फॉर्मूला' दिया। उन्होंने युवाओं से इस सिद्धांत को अपनाने और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को न केवल स्वयं जागरूक होना चाहिए बल्कि अपने समुदायों में दूसरों को भी स्वेच्छा से एचआईवी जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। रेड रिबन क्लब जैसी पहलों में युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) केंद्रों के माध्यम से तुरंत मुफ्त उपचार और दवा की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में, राज्य में 5,897 व्यक्ति मुफ्त उपचार और दवा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने मादक द्रव्यों के सेवन, सिरिंज के इस्तेमाल और एचआईवी के प्रसार के बीच संबंधों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशीली दवाओं के सेवन और सिरिंज के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन के बढ़ते मामले चिन्ता का विषय है। इससे भावी पीढ़ियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी केवल स्वास्थ्य संबंधी चुनौती नहीं है, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक विषय भी है। उन्होंने भेदभाव को समाप्त करने और व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए सभी विभागों, संस्थानों, शैक्षणिक संस्थाओं, प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों से एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एचआईवी के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और युवाओं के लिए एचआईवी मुक्त हिमाचल का परिवेश सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने एचआईवी को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

# गंगा स्नान से लौट रहे दंपती समेत तीन लोगों की मौत

एजेंसी < मुरादाबाद
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में ऑटो रिक्शा में ट्रक के टक्कर मार देने से दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे की चपेट में आए सभी श्रद्धालु बृजघाट गंगा स्नान के बाद वापस घर लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमावस्या के मौके पर बृजघाट गढ़ गंगा स्नान के बाद ऑटो में सवार सभी श्रद्धालु अपने घर वापस लौट रहे थे कि पाकबड़ा क्षेत्र में अचानक ट्रक द्वारा ऑटो में टक्कर मार देने से ऑटो सवार थाना मझौला क्षेत्र के हनुमान मंदिर वाली गली लाइनपार निवासी आटो चालक शीशपाल पत्नी ओमवती और उनके पारिवारिक मित्र दिलीप कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि बबलू उर्फरामगोपाल और उनकी पत्नी लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की चपेट में आए सभी श्रद्धालु हनुमान मंदिर थाना मझोला निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

खाकी पर आरोप...

# गैंदाटोला पुलिस की गुंडागर्दी! युवकों की पिटाई कर 50 हजार रूपए छीने, पाटेकोहरा में भी ड्राइवर ने लगाया था लूट का आरोप

- दीवानटोला के दो युवकों ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप
- छन्नी ने खोला मोर्चा, भोलाराम हर मसले में नदारद

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिसिया तानाशाही के मामले लगातार उजागर होते जा रहे हैं उसके बावजूद भी जिला पुलिस अधीक्षक ने अब तक इन मामलों में किसी भी प्रकार की कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। जहां एक ओर पिछले कुछ दिनों पहले चिचोला थाना क्षेत्र के पाटेकोहरा में एक ड्राइवर से 60 हजार रुपयों के लूट का मामला सामने आया था वहीं अब दीवानटोला के युवकों ने पुलिस पर पचास हजार छीन लेने व् मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव-देहात क्षेत्रों में पुलिस की किस तरीके से तानाशाही और मनमानी चल रही है, इसका बड़ा उदाहरण सामने आया है। मामला कुछ इस प्रकार है कि गैंदाटोला क्षेत्र में पुलिस जवानों ने दो ग्रामीण युवकों को न सिर्फ मारा-पीटा, बल्कि उनके पास रखे नगद 50 हजार रूपए को छीन लिया। इन बातों की पुष्टि करता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें पीड़ित युवक द्वारा आपबीती सुनाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दीवानटोला निवासी विकास बांधे व नितेश कुमार ने पुलिस पर अपने साथ जबरिया कर रकम छीनकर वापस नहीं लौटाने का गंभीर आरोप लगाया है। वीडियो में दिए गए बयान के अनुसार दीवानटोला निवासी दोनों युवक किसी थ्रेशर मालिक के यहां धान मशीन थ्रेशर चालक के रूप में कार्य करते हैं, जो कुछ किसानों से किए गए कार्य की वसूली कर गत बुधवार की रात्रि में नौ से साढ़े नौ बजे के बीच ग्राम धरमूटोला के पास गैंदाटोला पुलिस व्दारा रुकवाया गया। उस दौरान वहां पर पांच-छह पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिनके द्वारा मारपीट कर जेब में रखे वसूली के 50,000 रुपए को निकाल लिए और मारपीट कर गैंदाटोला थाना लाया गया, जहां थाना परिसर के भीतर लाकर डंडों से पिटाई की गई। इन सबके बाद रात्रि में लगभग ढाई तीन बजे दोनों युवकों को शराब पीने के आरोप में कार्यवाही कर उन्हें छोड़ दिया गया। हांलाकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि पायनियर नहीं करता लेकिन इस तरह के खुलेआम लगाए जा रहे आरोप के बाद भी जिला पुलिस अधीक्षक ने अब तक ना इस मामले में किसी प्रकार की जांच बिठाई है और ना ही सम्बंधित लोगों को निलंबित या लाइन अटैच किया है जिससे अब ग्रामीणों में रोष पनपता जा रहा है।

## थानेदार थाने से नदारद, स्टाफ के सिपाहियों ने की मनमानी

वायरल वीडियो में छुरिया अस्पताल में उपचाररत युवक की बातों पर गौर करें तो सवाल यही उठाए जा रहे हैं कि जब उन दोनों युवकों को शराब के नशे में धुत होने का प्रकरण बनाया गया है? तो दोनों का डाक्टरी मलाहिजा आखिर क्यों नहीं कराया गया? पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान वास्तव में क्या वे दोनों युवक शराब के नशे में थे? पुलिस जवानों ने युवकों को पकड़कर थाना परिसर में लेकर आए तो क्या उस पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई? जब दोनों युवकों को आधी रात को छोड़ा गया तो किस अधिकारी के संज्ञान में रखकर बगैर डाक्टरी मुलायजा कराए छोड़ दिया गया? बताया जाता है कि इस घटनाक्रम के दौरान थाना प्रभारी किसी कार्य से बाहर थे, इसलिए उन्हें इन बातों की जानकारी तत्काल नहीं हो पाई, किंतु इन तमाम बातों से यही बात सामने आ रही है कि थानेदार की गैरहाजिरी में वहां का स्टाफ किस तरीके से मनमानी करता होगा?

## छन्नी साहू ने प्रेसवार्ता कर खोला मोर्चा कहा अब पुलिस खुद डकैती करने लगी है




उक्त मामले में खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने प्रेसवार्ता के माध्यम से मोर्चा खोल दिया है। छन्नी साहू ने कहा कि पहले सिर्फ चोर डाकू ही डकैती करते थे लेकिन अब ये काम पुलिस वालों ने भी शुरू कर दिया है। छन्नी साहू ने सभी सम्बंधित पुलिस वालों पर कार्यवाही की मांग की है और कहा है कि युवकों को भी कानून के हिसाब से सजा मिले लेकिन रकम लूटने वाले सिपाहियों पर भी उचित कार्यवाही हो। छन्नी ने कहा कि भाजपा सरकार में इस तरह के घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं आम जनता त्रस्त हो चुकी है।

### पाटेकोहरा में भी ड्राइवर से हुई थी लूट

ज्ञात हो कि खुज्जी विधानसभा के ही पाटेकोहरा में भी कुछ समय पहले एक ड्राइवर से कार्यवाही के नाम पर मारपीट करने के बाद उससे 60000 रुपये छीन लिए गए थे इस मामले में ड्राइवर संघ ने आंदोलन की बात भी कही थी लेकिन आपस में समझौता हो जाने की वजह से मामले को दबा दिया गया। इस मामले को पायनियर ने प्रमुखता से अपने अखबार में प्रकाशित किया था।


पाटेकोहरा बेरियर में आरटीओ के गुर्गों ने की ड्राइवर से मारपीट, 60000 रकम की भी लूट, तिवारी, सिन्हा और झा के संरक्षण में करोड़ों की हेराफेरी

# पीएलजीए सप्ताह मनाने कल से नक्सल बंद बंद को लेकर एमएमसी जोन में फेंके पर्चे

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी जोन) में नक्सलियों ने 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए की 24वीं वर्षगांठ मनाने के लिए नक्सल पर्चे फेंके हैं। राजनांदगांव रेंज से सटे बालाघाट के भीतरी इलाकों में वर्षगांठ को धूमधाम से मनाने के लिए नक्सलियों ने बैनर लगाया है। नक्सल संगठन की ओर से युवक-युवतियों से पीएलजीए में भर्ती होने के लिए भी अपील की है।

गोंदिया-राजनांदगांव बार्डर (जीआरबी) डिवीजन कमेटी की भाकपा द्वारा बैनर के अलावा एक पाम्प्लेट में देश के बड़े उद्योगपतियों मुकेश अंबानी व गौतम अड़ानी समेत कुछ प्रमुख कारोबारियों के बढ़ती दौलत को लेकर भी नक्सलियों ने सवाल उठाए हैं। साथ ही देश की करोड़ों रुपए की रकम लेकर फरार पूंजीपतियों का कर्ज माफ करने पर भी नक्सलियों ने आपत्ति की है। गौरतलब है कि 24 साल पहले नक्सलियों ने जनमुक्ति छापामार सेना का गठन किया था। इस गठन को लेकर हर साल नक्सली सप्ताह मनाते हैं। बालाघाट पुलिस सीमा पर अलर्ट है।

इधर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के धूर नक्सल सीमावर्ती क्षेत्रों के थाना व चौकी एवं बेस कैम्प के जवान भी नक्सलियों के सप्ताह को लेकर चौकस हैं। इधर राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा ने भी नक्सलियों के सप्ताह को लेकर नक्सल क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# शहर के करीब मिली अधजली लाश, जांच जारी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर से सटे बांकल में भिलाई इस्पात संयंत्र के एक सेवानिवृत्त कर्मी की अधजली लाश मिली। पुलिस जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में मामला खुदकुशी से जोड़कर देखा जा रहा है। रात लगभग 01-02 बजे के बीच उक्त व्यक्ति ने यह घातक कदम उठाया। मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बसंतपुर थाना क्षेत्र के बांकल के रहने वाले बहुरसिंग निषाद का शव शनिवार सुबह जली हालत में मिला। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बहुरसिंग बीती रात को लगभग 10 बजे घर से निकला था। घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित स्थान में आज सुबह उसका शव अधजली हालत में मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने भी जांच के लिए घटनास्थल को अपने दायरे में लिया। मृतक कुछ साल पहले भिलाई इस्पात प्लांट से वीआरएस लेकर एक पोहा मिल में बतौर गार्ड का काम कर रहा था। दिवाली से पहले मृतक ने वहां से भी काम छोड़ दिया था। जानकारी मिली है कि मृतक को कुछ शारीरिक समस्याएं थी। विशेषकर वह हृदय संबंधी रोग और चलने-फिरने की समस्या से जूझ रहा था। यह भी चर्चा है कि मृतक ने कुछ माह पहले भी आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया था। अपुष्ट रूप से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# किरन्दुल पुलिस को चोरी करने वाले 4 आरोपियों को सामान सहित पकड़ने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा गौरव राय के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में प्रभारी थाना किरन्दुल उपनिरीक्षक हेमंत साहू के नेतृत्व में दिनांक-01 दिसम्बर के रात्रि करीब 3.00 बजे आरडी इंजीनियरिग कम्पनी रेपिड लोडिंग सिस्टम ब्यू पाईट किरन्दुल से 04 चोरों द्वारा चोरी की जाने की घटना की जानकारी मिलने पर दिनांक 01 दिसम्बर को थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 72/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों संजू राम कुंजाम, सोम्बरू कुंजाम, हीडमा राम कुंजाम एवं राहुल कुमार कड़ियाम के कब्जे से 06 नग लोहे के स्क्वेयर पाइप को जप्त कर कार्यवाही की गई है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार साहू, नरेश मंडल, भोजराम ध्रुव, पदमनाथ तथा सिक्युरिटी गार्ड राहुल डे, राजेश मण्डावी, ब्रजैन मण्डल, अजय वट्टी की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रदीप श्रीवास्तव बने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौहान के द्वारा कोंडागांव जिले के जिला सचिव प्रदीप श्रीवास्तव सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्रअधिकारी को रायपुर में आयोजित समारोह में उप प्रान्ताध्यक्ष नियुक्त किया गया, उक्त समाहरोह में राज्य के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष जिला सचिव मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से प्रांतध्यक्ष के नेतृत्व में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो कि नवीन भरती करना, ग्रेड पे में संशोधन, त्रि- स्तरीय वेतनमान दिलवाना, पदनाम संशोधन सबंधी मांगो को एक साथ पुरजोर तरीके से राज्य स्तर पर पूरा करवाने हेतु प्रयास करना प्रमुख रहा, पूरे राज्य के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों द्वारा प्रदीप श्रीवास्तव को उप प्रांता ध्यक्ष बनने पर बधाई दिया गया है। कोंडागांव जिले के पांचों विकासखंड के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारीयों के साथ प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौहान, अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन बस्तर संभाग के अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला बस्तर के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिलासंयोजक आर. डी. तिवारी, सह संयोजक एव तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव अनिल प्रसाद गुप्ता, सुभाष पांडे, छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ कोंडागांव के जिला अध्यक्ष आर एस गजेंद्र, बस्तर के जिलाध्यक्ष राकेश दूबे, महामंत्री मुकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र धृतलहरे, प्रेमसिंह ठाकुर संगठन सचिव, नारायणपुर जिलाध्यक्ष माखनलाल पात्र, जिला सचिव दुष्यंत कुमार ठाकुर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ कांकेर के जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, जितेंद्र कुमार पैंकरा,दिकेश ठाकुर बालोद, राजेश पटेल रायपुर,नकुल राम लोधी कवर्धा, संतोष मरकाम, राजेश नेताम, महासचिव भवनसिंह राना, मालती नेताम, कोषाध्यक्ष एम एल चुरेंद्र, एम एस ध्रुव, राम नेताम, दिनेश नेताम, सी के कौशिक, वारीश नंद,महेश नाग, सुभद्रा मरकाम, गौकुमारी कोर्राम, भोला ठाकुर, डी के कुलदीप, डी पी साहू, धीरेंद्र नाग, राधेश्याम आदि सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गण के साथ अधिकारी कर्मचारी साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक साहू, नीलकंठ शार्दुल जिला संयोजक अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन जिला कोंडागांव, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दुल, शासकीय वाहन चालक संघ कोंडागांव के जिला अध्यक्ष चमन लाल वर्मा के द्वारा बधाई दिया गया।

## 3100 रूपए में धान खरीदी का वादा निकला जुमला, 2300 रूपए में हो रहा है धान खरीदी

# धान खरीदी में किसान परेशान, मुख्यमंत्री फिल्म देखने में मस्त है : रवि देवांगन

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में जब जब भाजपा की सरकार बनी है तब तब किसानो को परेशान होना पड़ा है। अब फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार है और भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, और उनकी मंत्री मण्डल फ़िल्म देखने में मस्त है, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणपुर अध्यक्ष रवि देवांगन ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 160 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है और वहीं इस वर्ष धान खरीदी करने का समय मात्र 47 दिन है ऐसे में सरकार धान खरीदी का लक्ष्य पूरा करना असम्भव है, भाजपा सरकार बनने से पहले चुनाव में किसानों से वादा किये थे की भाजपा सरकार बनते ही 3100 रूपए प्रति किवंटल के दर से भुगतान होगा, लेकिन भाजपा सरकार तो जुमला की सरकार है जो 2300 रूपए में खरीद रही है, जबकि 3100 रूपए का चुनावी वादा और केंद्र सरकार के 117 रूपए समर्थन मूल्य को जोड़ कर 3217 रूपए धान का भुगतान करना चाहिए। वहीं नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में बोहनी तक नहीं हुआ अबुझमाड़ क्षेत्र में नेट सर्वर सही तरीके से नहीं है तो अबुजमाड़ के किसान मजबूरी में औने पौने भाव में बिचोलियो का धान बेचेंगे, ग्रामीण क्षेत्र में रकबा शून्य दिखाने से भी किसान परेशान है, सच तो ये है की प्रदेश सरकार अपने लक्ष्य से भाग रही है, सरकार ने अपनी नई नीति के तहत बफर जोन में भी बदलाव किया है बफर जोन में बदलाव करने से धान खरीदी केन्द्रो में उठाओ नहीं हो रहा है पूर्व की कांग्रेस सरकार में धान मिलिंग का दर 120 रूपए था जिससे भाजपा सरकार आते ही 60 रूपए कर दिया जिससे राईस मिलर्स हड़ताल में है और धान केन्द्रो में जगह की कमी हो रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को फ़िल्म देखना बंद कर किसानो की परेसानी को दूर करना चाहिए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद अहमद, सचिव संजय राय, एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम, ब्लॉक उपाध्यक्ष शब्बीर बढ़गुजर, कांग्रेसी वीपी शुक्ला एवं अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

## किरंदुल परियोजना की टीम ने राज्य स्तरीय बॉल बैडमिण्टन के सेमीफाईनल में किया प्रवेश

**किरंदुल।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कर्मचारी उत्पादन के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ समय समय पर शिक्षा व खेल जगत में भी अपना लोहा मनवाते आ रही हैं। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की बॉल बैटमिंटन टीम ने छत्तीसगढ़ के भिलाई में 24 वें राज्य स्तरीय बॉल बैटमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में राज्य के 20 जिले की टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमे भिलाई स्टील प्लांट, दुर्ग निगम, भिलाई कारपोरेशन, कांकेर, गरियाबंद, महासमुंद, खैरागढ़, एनएमडीसी और अन्य 18 जिले की टीम शामिल हुए है। किरंदुल परियोजना की टीम ने अपने पूल के तीनों टीमों को हारते हुए अंक तालिका में टॉप रही और क्वार्टर फाईनल में गरियाबंद पर शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। किरंदुल परियोजना की टीम में बालेंद्र सिंह बघेल, पेद्दा, सूर्या राव, रवि पाण्डे, हरि किशन, राजेश पाल, राम कुमार,रवीश तिवारी, चिरु, श्रीकांत ने बेहतरीन खेल दिखाया।

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला- उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़**
Phone No. (0) : 07868 - 241313 Fax No. : 07868-24131 Email : deoofficekanker@gmail.com

क्रमांक/6880/समग्र शिक्षा/2024 कांकेर, दिनांक 29/11/2024

**''रूचि की अभिव्यक्ति''**

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर से **''रूचि की अभिव्यक्ति''** के तहत इच्छूक फर्म/संस्था/एजेंसियों से जिला कांकेर अंतर्गत जिला खनिज न्यास निधि से जिले के पात्र अभ्यर्थियों को छ.ग. लोक सेवा आयोग (CGPSC) एवं छ.ग. व्यवसायिक परीक्षा मंडल (CGVYAPAM) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा एवं छ.ग./बस्तर में अन्य समकक्ष भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा, छ.ग. शिक्षक भर्ती परीक्षा SSC, RAILWAY, BANKING, की परीक्षाओं की तैयारी के लिए **परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग कार्य विकासखण्ड मुख्यालय भानुप्रतापुर में कराये जाने हेतु** दर प्रस्तुत करने मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर राशि रुपये 2000/- की राशि सहित दिनांक 05/12/2024 तक कार्यालयीन दिवस/समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते हैं। सील बंद निविदा दिनांक 06/12/2024 को दोपहर 3:00 बजे तक जमा किया जावेगा तथा निविदा उसी दिवस सायं 4:00 बजे खोला जावेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री अंतिम तिथि | - | 05/12/2024 सांय 05:30 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 06/12/2024 सांय 03:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | - | 06/12/2024 अपरान्ह 04:30 बजे |

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**
**छत्तीसगढ़**

# सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की जिले के अधिकारी कर रहे अवहेलना

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा गत माह एक आदेश समस्त भारसाधक सचिव छग शासन को पत्र प्रेषित कर प्रशासनिक दृष्टिकोण से समय समय पर अधिकारी, कर्मचारियों का अन्यत्र पदस्थापना एवं स्थानांतरित करते हुए अन्य कार्यालय में नवीन पदस्थापना की जाती है। यह बात देखने में आया है कि अन्यत्र पदस्थापना अथवा स्थानांतरण के फलस्वरूप प्रभावित अधिकारी, कर्मचारी अपने नवीन पदस्थापना स्थान पर उपस्थित होने के बजाय उक्त स्थानांतरण का पालन नहीं करते। ऐसे कुछ मामले शासन के नजर में आये हैं जिसे लेकर ऐसे अधिकारियों पर उचित एवं नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की कवायद चल रही है। जिले के अधिकारियों के स्थानांतरण का प्रभार जिले के प्रमुख पर होता है कि वे छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त आदेश के परिपालन में अपने जिले के स्थानांतरित हुए अधिकारी, कर्मचारियों को शासन के आदेश के मुताबिक उक्त नई पदस्थापना में भेजे जाने की कार्यवाही करे। शासन के आदेश के बाद महीनों पहले स्थानांतरित हुए कुछ अधिकारी, कर्मचारियों को रिलीफ कर दिया गया है। वहीं अब भी जिले में अनेक लोग मौजूद हैं जिन्हें अभी तक रिलीफ नहीं किया गया है जिससे सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की अवहेलना हो ही रही है। हालांकि आदेश पत्र के बाद कुछ अधिकारी, कर्मचारियों को जिले से रिलीफ कर दिया गया है परंतु अब भी अनेक लोग शेष बचे हुए हैं। स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है जिसके पीछे शासन की यह मंशा रहती है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं



## कुछ को किया गया रिलीफ, अब भी अनेक शेष

सुचारू रूप से संचालित हो सके तथा शासकीय कर्मचारियों के अभाव में योजनाएं प्रभावित न हों। शासकीय सेवकों के स्थानांतरण में मुख्य रूप से यह उद्देश्य निहीत होता है कि नवीन स्थानों पर कुछ महत्वपूर्ण रिक्तियों को भरना है जिससे राज्य शासन द्वारा संचालित सभी योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हो सके। स्थानांतरित शासकीय सेवक स्थानांतरित स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं तो स्थानांतरित पद रिक्त रहेगी और ऐसे में पूरी क्षमता के साथ उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का लक्ष्य विफल हो जाता है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए ही छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने एक पत्र भारसाधक पदाधिकारियों सहित अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, राज्यपाल के सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव सहित विभिन्न अधिकारियों को उक्त प्रति प्रेषित की है जिसमें संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर भी शामिल हैं। उपसचिव के हस्ताक्षर से जारी इस पत्र के आधार पर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर ऐसे स्थानांतरित अधिकारी, कर्मचारियों को तत्काल नये स्थानांतरित क्षेत्र में भेजने की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन देखा जा रहा है कि धमतरी जिले में कुछ अधिकारी, कर्मचारी स्थानांतरण होने के पश्चात भी अपने पद में बैठे हुए हैं और छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र का पालन नहीं कर रहे हैं।

शासकीय सेवकों द्वारा सात दिवस के भीतर स्थानांतरण आदेश का पालन न किये जाने की स्थिति में संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाये और अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मी के विरूद्ध ब्रेक-इन-सर्विस की कार्यवाही की जाये। लेकिन धमतरी जिले में अधिकारी द्वारा अपने ही कार्यालय में संविदा समाप्ति के पश्चात भी महत्वपूर्ण पदों पर कई दिनों तक कार्य करवाया गया है। हालांकि उक्त रीडर को समाचार प्रकाशन के पश्चात आनन-फानन में पिछले दिनों हटा दिया गया है। लेकिन जिले में ऐसे अनेक अधिकारी, कर्मचारी हैं जो इस श्रेणी में आते हैं, उसे लेकर जिले के अधिकारी गंभीर नहीं हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र में यह भी उल्लेख है कि स्थानांतरित शासकीय सेवक यदि सात दिनों से अधिक अवधि के लिये लघुकृत अवकाश लेता है तो उसे मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिये कहा जाये। यदि मेडिकल बोर्ड द्वारा अनुशंसा नहीं की जाती है अथवा शासकीय सेवक अन्य अवकाश के लिये आवेदन करता है या अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहता है तो ऐसी अवधि को अनाधिकृत अनुपस्थिति मानकर इसे डाईज-नॉन किया जाये। आज भी कुछ विभागों में अधिकारी, कर्मचारी स्थानांतरित होने के बाद भी अपने नवीन पदस्थापना वाले क्षेत्र के लिये रवाना नहीं किये गये हैं।

शासकीय सेवकों के पदस्थापना/स्थानांतरण के आदेश का पालन जिले में न के बराबर हो रहा है। यही नहीं जिले में कुछ ऐसे अधिकारी, कर्मचारी हैं जो वर्षों से अपने कुर्सी में जमे हुए हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण खाद्य अधिकारी जैसे अधिकारियों से दिया जा सकता है जिन्होंने अपने सर्विस के अधिकांश समय यहां बिता दिया है। इसी तरह सहायक संचालक उद्यानिकी जो पिछले दिनों सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने भी अपनी पूरी सर्विस धमतरी जिले में पूर्ण की। और भी ऐसे अधिकारी हैं जो यहां कार्यरत हैं। इसी तरह जल संसाधन विभाग में भी यही स्थिति देखने को मिलेगी। जिला पंचायत में भी कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है। शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों का स्थानांतरण को लेकर ऐसा माना जाता था कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारियों को तीन वर्ष की अवधि पश्चात दूसरे जिले में स्थानांतरित किया जाता है। लेकिन धमतरी जिले में अनेक विभागों में ऐसे अधिकारी, कर्मचारी पदस्थ हैं जो अनेकों साल से एक ही कुर्सी पर रहकर कार्य कर रहे हैं। इनके रहने से कार्यालय में वैसा ही सब कुछ होता है, जैसा ये चाहते हैं। जबकि नई सरकार के गठन के बाद सुशासन को स्थापित करने के लिये ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों के लिये भी एक नीति, नियम करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है जिससे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश और सुशासन की लहर समूचे प्रदेश में दौड़ सके।

# पंडित जयदेव सतपथी स्मृति शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोषगांव में आयोजित पं.जयदेव सतपथी स्मृति अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद, विश्व विख्यात मेडिको लीगल वैज्ञानिक डॉ. दिव्यकिशोर सतपथी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखती है बल्कि हमने खेल में अपनी भागीदारी निभाई ये आवश्यक हैं। खिलाड़ियों को खेलभावना के साथ अपना शत प्रतिशत भागीदारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए मैं हरसंभव सहयोग करूंगी। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को विधायक चातुरी नंद के हाथों पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों जिन्होंने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है उनका भी सम्मान विधायक नंद और उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फुलझर सेवा समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण सतपथी, प्राचार्य बी.आर.भोई, वीरेंद्र सतपथी, सखाराम पटेल, जयकृष्ण चौधरी, हेमंत बारीक समेत पूर्व छात्रगण और खिलाड़ीगण समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सांकरा स्वास्थ्य केन्द्र में हो रहा है बेहतर इलाज

## टीम ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरा में राज्य की टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए निरीक्षण किया गया। 2023 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ था। केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए फिर से पुरस्कार मिलने की उम्मीद की जा रही है। गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए निरीक्षण के लिये राज्य की टीम आयी थी जिसमे डॉ. रात्रे एवं राजू नारंग थे। अस्पताल के सभी छः विभाग ओपीडी, आइपीडी, प्रसव



## 2023 में मिला था गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

कक्ष, लैब्रोरी, फार्मेसी मे सेवाओ का रिकार्ड देखा व स्टाफ इन्टरव्यू लिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ किशोर साहू ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफाइड होने पर अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधाओं में इजाफा होगा। अस्पताल का रखरखाव, सुविधा एवं सेवाएं राष्ट्रीय मानक के अनुरूप रखी जाती है। प्रत्येक कार्य स्टैण्ड आपरेटिव प्रोसीजर के आधार पर किया जाता है। जैसे जैव अपशिष्ट प्रबंधन, अस्पताल की सफाई, ओपीडी, आईपीडी, लैब व इसी प्रकार अस्पताल मे उल्टी, दस्त, बुखार, मलेरिया, टाईफाईड, कुष्ट, टीबी, निमोनिया जैसे अन्य संक्रामक बीमारी का उपचार स्टैण्डर्ड ट्रीटमेंट गाईडलाईन के आधार पर किया जाता है। क्षेत्र के लोगों को अच्छे सुविधा मिले उसके लिए अलग पॉलिसी है और प्रत्येक माह सभी कार्यो का समीक्षा लिया जाता है। अनावश्यक इंजेक्शन एंटी बायोटिक दर्द निवारक दवाईया नही दी जाती है ताकि उससे होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके और यहा सभी उपचार निःशुल्क होता है। उसी प्रकार गर्भवती महिलाओं की जांच भी प्रोटोकॉल के अनुसार होती है। प्रसव के पहले या प्रसव के दौरान होने वाली समस्याओ से अच्छे से प्रबंधन किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरा मे हाई बीपी, सुगर, रक्त अल्पता, सिकलीन, मानसिक रोग का भी निःशुल्क जांच एवं स्टेण्डर्ड ट्रीटमेंट गाईडलाईन के तहत् उपचार किया जाता है जिससे लकवा हार्टअटैक किडनी रोग जैसे गंभीर समस्याओ को कम करने मे मदद मिलती है। यहां पर मुंह का कैंसर स्तन कैंसर, बच्चादानी कैंसर, का निःशुल्क स्क्रीनिंग किया जाता है जिससे बीमारी का जल्द से जल्द पता चलने पर उपचार सही समय मे किया जा सके। सांकरा सेक्टर के अतंर्गत आने वाले सभी गांवों में गर्भवती एवं बच्चों का टीकाकरण के साथ साथ राष्ट्रीय कार्यक्रमो का संचालन किया जाता है। सांकरा के अन्तर्गत 54 गाँव व 42200 की जनसंख्या है। राज्य टीम के निरीक्षण के दौराण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी किशोर साहू, संजय साहू, यतेन्द साहू, यजुवेन्द्र सोम, गौतम कश्यप, शारदा ठाकुर, कमलेश्वरी साहू, रितु ठाकुर, इंदु ध्रुव, व्हीएस ध्रुव, सी कोर्राम, कु तरूणा ध्रुव, भुपेन्द्र ध्रुव, मंशाराम नेताम, भूमेश निर्मलकर, मनिकदास मनिकपुरी, सागर प्रजापति उपस्थित थे।

# मौसम में नमी, सभी धान खरीदी केंद्रों में बारिश से बचाव संबंधित निर्देश जारी

## धान भीगा तो जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

# 70 प्लस के बुजुर्ग को 5 लाख तक के मुफ्त ईलाज के लिए बनाया जा रहे आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदन अब 70 साल वालों को मिलेगा 5 लाख का आयुष्मान कार्ड. केंद्र सरकार क़ी घोषणा के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार ने 70 वर्ष क़ी उम्र पूरा करने वाले हर स्त्री पुरुष चाहे वह किसी भी आय वर्ग का हो का नया आयुष्मान कार्ड बनाना प्रारम्भ कर दिया है इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के वृद्धा आश्रम में विशेष शिवर का आयोजन कर बुजुर्गों का 5 लाख का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इस प्रकार विप्र समाज के सहयोग से पंडित वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में नगर के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी समाज वरिष्ठ नागरिकों ने शामिल होकर 5 लाख का आयुष्मान पंजीयन कराए शिविर में 70 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया ।घर बैठे- 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो के लिए घर बैठे केवाईसी करने सबसे अच्छा



यह कि https//beneficiry. nha. gov. in वेबसाईट पर जाये। सर्च करने पर जो पेज खुलता है, उस पर बाई ओर यूट्यूब के दो लिंक प्रदर्शित होते है। एक लिंक 70 प्लस से कम आयु वर्ग के लोगो के आयुष्मान कार्ड से संबंधित है। दूसरा लिंक में वृद्धों के केवाईसी व कार्ड बनाने की बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अधिकृत सेन्टर में- बुजुर्गो के लिए केवाईसी कराने व कार्ड बनाने की सुविधा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/ सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र/ जिला चिकित्सालय एवं पंजीकृत निजी चिकित्सालय पर भी उपलब्ध है। जिला नोडल के अनुसार च्वाईस सेन्टरों पर भी लोग आधार कार्ड से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। परिवार कोटे से अलग 5 लाख तक मुफ्त ईलाज के लिए 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो को नया कार्ड बनवाना अनिवार्य है। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के किस क्षेत्र में कितने 70 प्लस आयु वर्ग के लोग ग्रामीण बलौदाबाजार में 8940, शहरीय बलौदाबाजार 1159, ग्रामीण भाटापारा 6774, शहरीय भाटापारा 2757, शहरीय लवन 444, ग्रामीण कसडोल 10,660 शहरीय कसडोल 695, ग्रामीण पलारी 8471, शहरीय पलारी 387 ग्रामीण सिमगा 8236, शहरीय सिमगा 632 शहरीय टुंड्रा 539 शामिल है।

# चातुर्मास पूर्ण कर विशुद्ध सागर पुन: पहुंचे कैवल्यधाम

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी महेंद्र सागर महाराज साहेब, स्वाध्याय प्रेमी परम पूज्य मनीष सागर महाराज साहेब के शिष्य रत्न युवासंत, परमात्म भक्ति प्रेरक परम पूज्य विशुद्ध सागर महाराज साहेब, परम पूज्य जीतवर्धन महाराज साहेब परम पूज्य पुण्यवर्धन महाराज साहेब धमतरी में ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर पुनः कैवल्यधाम तीर्थ पहुंचे। पूज्य मुनि भगवन्तों के विहार के समय विहार सेवा समिति एवं मणिधारी मित्रमंडल विशेष रूप से उपस्थित रहा। कैवल्यधाम तीर्थ प्रवेश एवं गुरु शिष्य के अदभुत मिलन का पूरा धमतरी श्रीसंघ साक्षी बना। परम पूज्य महेंद्र सागर महाराज साहेब परम पूज्य मनीष सागर महाराज साहेब द्वारा चातुर्मास हेतु परम पूज्य विशुद्ध सागर महाराज साहेब आदि ठाणा को धमतरी भेजा



गया जिसके लिए पूज्य गुरुभगवंतो का धमतरी श्रीसंघ सदैव आभारी रहेगा। पूज्य गुरु भगवंत विशुद्ध सागर जी महाराज साहेब ने इस चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाया। जो धमतरी श्रीसंघ एवं पूरे धमतरी नगर के लिए अविस्मरणीय रहेगा। साथ ही कैवल्यधाम तीर्थ में धमतरी श्रीसंघ की ओर से पुनः आने वाले वर्ष में चातुर्मास की विनती की गई जिसके संबंध में पूज्य गुरुभगवंतो ने उचित विचार करने की बात कही। कैवल्यधाम में प्रवेश के अवसर पर विजय गोलछा, संजय लोढ़ा, लूणकरण गोलछा, शांति वैद, भंवरलाल बेद, गौतम पारख, कुशल चोपड़ा, प्रतीक बैद, राहुल पारख, दर्शन बैद, कान्हा गांधी, रूपेश बरडिया, भव्य भंसाली, अलित बुरड़, धन्निबाई बरडिया, राजकुमारी पारख सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ एनएसयूआई ने घेरा मरौद टोल प्लाजा





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद टोल प्लाजा में धमतरी पासिंग गाड़ियों द्वारा लिए जा रहे टोल टैक्स को बंद करने और टोल प्लाजा में कार्यरत बाहरी कर्मचारियों के स्थान पर स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ टोल प्लाजा का घेराव किया जिसमें एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस उदित नारायण साहू समेत कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा साहू ने टोल प्लाजा मैनेजर एनएचएआई के अधिकारियो से चर्चा करते हुए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया और कहा कि 5 दिन के भीतर यदि सीजी 05 पासिंग गाड़ियों को निःशुल्क नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होगा। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि कुरूद टोल प्लाजा में नियम विरुद्ध आसपास के छात्रों, व्यापारियों और नागरिकों से टोल टैक्स लिया जाता है और स्थानीय लोगों को कोई भी रियायत नहीं दी जाती, जो कि अन्यायपूर्ण है जिसके खिलाफ हमने आवाज उठाकर धमतरी जिले की सीजी 05 पासिंग गाड़ियों को टोल फ्री करने की मांग रखी है जिससे जिले के लोगों को टोल प्लाजा की इस लूटनीति से निजात मिल पाए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि कुरूद टोल प्लाजा में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी बाहरी हैं जो स्थानीय लोगों से दुर्व्यवहार करते हैं और गुंडागर्दी करते हैं जिससे छात्रों के साथ साथ क्षेत्र की जनता भी परेशान है जिनके खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए बाहरी कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त करते हुए स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो और लोगों से दुर्व्यवहार की घटना घटित ना हो। देवांगन ने आगे कहा कि टोल प्लाजा मैनेजमेंट द्वारा एनएसयूआई की स्थानीय कर्मचारियों की मांग को तत्काल मानते हुए शीघ्र ही स्थानीय कर्मचारियों की नियुक्ति की बात कही। साथ ही सीजी 05 पासिंग गाड़ियों को टोल फ्री करने के लिए टोल मैनेजमेंट ने कुछ समय की मांग की है जो कि एनएसयूआई और धमतरी जिले की जनता की बड़ी जीत है। टोल प्लाजा मैनेजमेंट ने लिखित में तीन बिन्दुओ पर जवाब सौपा है। इस घेराव कार्यक्रम में ओमप्रकास मानिकपुरी, नोमेश सिन्हा, ऋषभ यादव, तेजप्रताप साहू, तेज प्रकाश साहू, प्रीतम सिन्हा, नमन बंजारे, त्रिभुवन मंडावी, अरविन्द यादव, प्रशांत शर्मा, डुमेश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कोंग्रेसी व एनएसयुआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फुलझर क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन व सम्मानित को लेकर हुई बैठक

## स्वामी विवेकानन्द जयंती पर सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

आर एस पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल बगईजोर द्वारा फुलझर क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए लगातार तीसरा वर्ष सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान कृषि, साहित्य, कला, शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा,



पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आगामी 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। चयन समिति की प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया है कि सम्मान समारोह युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 25 को आयोजित किया जाएगा। समिति की बैठक में आर एस साहू,के आर पटेल, के आर चौधरी, पी साहू, प्रदीप गुप्ता, पटनायक, ध्रुव मालिक, ललित साहू, जयंत बारीक, धर्मेंद्रनाथ राणा आर एस इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक सुरेंद्र साहू, प्राचार्य एम एम साहू उपस्थित थे।

# फेंगल के प्रभाव से रुक-रुककर होती रही हल्की बारिश

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

दक्षिण पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण प्रदेश के वातावरण में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए वहीं कई जगह रुक रुक कर हल्की बारिश भी हुई। नगर सहित अंचल में पूरे दिन बदली और नम हवाओं का लोगों ने सामना किया। मौसम के इस बदलाव से रुक-रुककर हल्की बारिश भी हुई।



### आज बारिश की चेतावनी

रविवार को सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही। सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए लेकिन ज्यादातर समय बदली व बारिश ही रही। नम हवाएं भी पूरे दिन चली। मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने के हालात निर्मित होने की मौसम विभाग के मुताबिक गरज चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

# विश्व एड्स दिवस पर संत गहिरा गुरु कॉलेज बगीचा विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगीचा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस कन्या शाला बगीचा परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालिका छात्रावास की अधीक्षिका शशि पैकरा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बगीचा महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के समन्वयक संजय पाण्डेय मुस्कान की उपाध्यक्ष गीतांजलि शर्मा कन्या शाला के लेक्चरार अफजल इमाम तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस आयोजन में रंगोली पोस्टर भाषण आदि प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया जिसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल बगीचा शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगीचा शासकीय माध्यमिक शाला रायकेरा बगीचा एवं शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु जी महाविद्यालय बगीचा के विद्यार्थी शामिल रहे पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रश्मि मिंज शासकीय माध्यमिक शाला रायकेरा बगीचा द्वितीय स्थान अनुसा तिर्की शासकीय कन्या शाला बगीचा तृतीय स्थान अनु रानी टोप्पो शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा को प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सारानी कुजूर शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा द्वितीय स्थान अनु रानी टोप्पो तथा तृतीय स्थान नेहा रवि शासकीय कन्या शाला बगीचा को प्राप्त हुए. रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वामी आत्मानंद स्कूल बगीचा द्वितीय स्थान पर शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा एवं तृतीय स्थान कन्या शाला बगीचा को प्राप्त हुए हैं। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सारानी कुजूर के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ तत्पश्चात रेशमा खलखो एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और सभी अतिथियों का पुष्पगुछ द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने अपने उद्बोधन द्वारा सभी का स्वागत किया तथा एड्स जागरूकता को समझाते हुए सजग रहने की सलाह दी महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने सभी विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझाया तथा एड्स ग्रसित लोगों के प्रति सहानुभूति रखने का संदेश दिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि पैकरा ने बढ़ते एड्स पर चिंता व्यक्त की तथा साथ ही साथ उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति की सफलता के लिए एक मार्गदर्शक का होना कितना आवश्यक है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्या शाला के विज्ञान के लेक्चरर अफजल इमाम मुस्कान की उपाध्यक्ष गीतांजलि शर्मा महाविद्यालय के स्टाफ सुरेंद्र पैकरा जगजीवन राम छात्रावास स्टाफ माला पैकरा तिर्की तथा महाविद्यालय के एन एस एस की छात्राओं की विशेष भूमिका रही।

# कमिश्नर ने किया निरीक्षण, तौल में पायी गड़बड़ी

## खरीदी प्रभारी को निलंबित करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने बिलासपुर सहित मुंगेली एवं जांजगीर चाम्पा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मुंगेली जिले के चंदखुरी धान खरीदी केन्द्र में तौल में गड़बड़ी पाये जाने पर खरीदी प्रभारी भुवनेश्वर साहू को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कावरे ने सहायक पंजीयक सहकारिता को पत्र प्रेषित कर गड़बड़ी के लिए जिम्मेदारं केन्द्र प्रभारी को निलंबित करने को कहा है। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष में धान का तौल करवाया। तौल में 40 किलोग्राम के बोरा में वजन 41.33 किलोग्राम वजन पाया गया। वहीं जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम अमरताल तहसील अकलतरा की महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर श्रीमती अनिता साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र 2 में एक भी बच्चे केन्द्र में उपस्थित नहीं पाये गये। संभागायुक्त कावरे ने शासकीय योजनाओं का फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेने के क्रम में जाजगीर-चाम्पा, मुंगेली एवं बिलासपुर का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का जायजा भी लिया। उन्होंने जांजगीर जिले के अमरताल में आंगनबाड़ी एवं स्कूल का निरीक्षण किया। इसके बाद तिलई धान खरीदी केन्द्र पहुंचे। वहां मौजूद किसानों और कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद मुंगेली जिले के सरगांव में शासकीय कन्या उमावि एवं आत्मानंद बालक उमावि का निरीक्षण किया। चन्दखुरी धान खरीदी केन्द्र का भी अवलोकन किया। धान खरीदी के अंतर्गत तौल में गड़बड़ी पायी गई। निर्धारित मात्रा से ज्यादा मात्रा में किसानों से तौल में लिया जा रहा था। सहायक पंजीयक सहकारिता को केन्द्र प्रभारी को हटाकर निलंबित करने के निर्देश दिए। बिलासपुर जिले के रहंगी में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया। धान खरीदी केन्द्र हिर्री भी पहुंचे। अभी तक वहां सीसीटीव्ही केमरा स्थापित नहीं हुआ है। कमिश्नर ने खरीदी केन्द्र में कैमरा लगाने, निर्धारित मात्रा में ही धान की तौल करने एवं केन्द्र में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखने के निर्देश दिए।

# आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा 'बिहान'

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बिहान योजना अंतर्गत विभिन्न स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराकर आजीविका के नए- नए आयामों से जोड़ रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल द्वारा विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर बिहान योजना से लाभान्वित आजीविका में संलग्न स्व सहायता समूह की दीदीयो के कार्यों को देखा गया। इस तारतम्य में ग्राम पंचायत नारायणपुर से किराना दुकान एवम फैंसी दुकान संचालिका गायत्री देवांगन, सदस्य ओमसाईनाथ समूह, राजकुमारी साहू संचालिका तार जाली फेंसिंग कार्य सदस्य तुलसी समूह, ग्राम पंचायत टेमरी से नंदनी देवाकर- संचालिका सब्जी बाड़ी सदस्य भूमिका समूह, नीरा साहू- संचालिका डेयरी सदस्य भवानी समूह, पंचवती साहू- संचालिका चप्पल एवम कपड़ा दुकान सदस्य कैलादेवी समूह, ग्राम पंचायत घुरसेना से रेणु देवांगन संचालिका किराना दुकान सदस्य स्वास्तिक समूह, अमिता बघेल संचालिका मछली पालन सदस्य श्रद्धा समूह, संगीता साहू संचालिका सिलाई एवम कपड़ा दुकान सदस्य ओम साई समूह, ग्राम पंचायत अमोरा से कुंती बाई - संचालिका हॉटल सदस्य विद्या समूह, वंदना बाई संचालिका जनरल एवम फैंसी स्टोर सदस्य अनुपा समूह, ममता बाई संचालिका सिलाई एवम कपड़ा दुकान सदस्य अमीन माता समूह से मिलकर योजना के सहयोग से कैसे उनके द्वारा गतिविधि की शुरुआत की गई, इस संबंध में जानकारी ली गई। इसी प्रकार अन्य ग्राम पंचायत से भी महिला समूह से जुड़ी महिलाए आजीविका से जुड़ रही है। जिसे देखकर मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत द्वारा बिहान योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रसन्नता व्यक्त किया गया और साथ ही निर्देश दिया गया की लखपति दीदी योजना के क्रियान्वयन व लक्ष्य पूर्ति में यह योजना मिल का पत्थर साबित हो इसके लिए अधिक से अधिक स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका से जुड़ने हेतु प्रेरित कर आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराया जाए।

# राज्य स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में मोहला टीम ने पाया तृतीय स्थान

पायनियर संवाददाता ◀ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com




मोहला जिले की बालिका टीम ने कवर्धा में आयोजित 24 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक/बालिका कबड्डी चैंपियनशिप 2024-25 में शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। कवर्धा में आयोजित कबड्डी चैंपियनशिप में प्रदेश भर की टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें मोहला बालिका की टीम ने अपना शानदार खेल दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के कोच लखन कोमरे, सुरेश निषाद सपोर्ट स्टॉफ भानुप्रताप कंवर तथा रुपेश कुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नवीन जिला बनने के बाद जिला कबड्डी एसोशिएशन के अध्यक्ष रनशाह मंडावी तथा उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नेताम के नेतृत्व में जिला की टीम कड़ी मेहनत के दम पर मजबूती से हर टूर्नामेंट में अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हमेशा से कबड्डी प्रतियोगिता में अविभाजित राजनांदगांव जिला में मोहला-मानपुर क्षेत्र ने अपना परचम लहराया है तथा कबड्डी के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिया है, जो वर्तमान में विभिन्न निजी एवं शासकीय क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे है। कबड्डी टीम के शानदार प्रदर्शन पर क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी दिनेश शाह मंडावी (अध्यक्ष जनपद पंचायत मानपुर) ने खिलाड़ी एवं कोच सहित समस्त सपोर्ट स्टॉफ को शुभकामनाएं संप्रेषित किया है।

# डॉ.राकेश गुप्ता महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि बने

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ.राकेश कुमार गुप्ता को शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। चिंतामणि महाराज ने अपने जारी पत्र में कहा है कि हमारे लोकसभा क्षेत्र के जिला बलरामपुर में संचालित महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति में डॉ.राकेश कुमार गुप्ता को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मानोनित किया गया है उनके कर्तव्य निर्वहन में सहयोग करें और इसकी जानकारी कलेक्टर बलरामपुर को भी दी गई है। गौरतलब है कि डॉ.राकेश कुमार गुप्ता बिगत 4 वर्षों से कलवार समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देते चले आ रहे हैं। नियुक्ति उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल एवं जिला महामंत्री दीनानाथ यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण बारी-बारी से बधाई देने में लगे हुए हैं। अपनी नियुक्ति उपरांत डॉ.राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि माननीय सांसद महोदय चिंतामणि महाराज का मैं आभार व्यक्त करता हूं और जो हमें दायित्व सौंपा गया है उस दायित्व को मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा।

# नशा नाश का जड़ है : गोपाल सतपथी





पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वैदिक महाविद्यालय सीपत राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू के नेतृत्व में गोदग्राम पोड़ी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी शामिल हुये। उन्होंने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुये कहा कि समाज मे प्रत्येक व्यक्तियों की भूमिका अलग अलग होती है। समाज मे शिक्षा के साथ साथ संस्कारों को भी आगे बढ़ाना बहुत जरूरी है। टीआई सतपथी ने कहा कि नशा नाश का जड़ है, आजकल पनचानबे प्रतिशत अपराध सिर्फनशे के चलते हो रहे है। नशे से दूर मतलब अपराध से दूर रहिये। टीआई ने कहा कि जीवन मे झूठी ताली से दूर रहने, रात की थाली के दोस्त से दूर, प्याली के दोस्त से दूर रहेंगे तो आप सभी उज्ववल भविष्य की परिकल्पना कर सकते है। उन्होंने हमेशा हेलमेट लगाकर वाहन चलाने, यातायात के नियमो का पालन करने व साइबर फ्रॉड, ठग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। सीपत प्रेस क्लब गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष रियाज अशरफी ने रामायण की कहानी के माध्यम से शिक्षा के साथ संस्कारो को ग्रहण करने कहा। चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने छात्रों को जिंदगी में कभी हार ना मानने व सफलता के प्रति दृढ़ संकल्पित होने का मूलमंत्र बताया। समारोह को अय्यूब खान स्कूल मचखण्डा के संचालक इदरीश खान ने भी सम्बोधित किया।

# कलेक्टर धर्मेश साहू ने बरमकेला क्षेत्र के पाम ऑयल खेती का निरीक्षण किया

■ पाम ऑयल नेशनल मिशन कृषकों के लिए लाभकारी

पायनियर संवाददाता ◀ सारंगढ़ बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने बरमकेला क्षेत्र के ऑयल पाम खेती का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बरमकेला क्षेत्र के ग्राम बनवासपाली के कृषक ईश्वर सिदार और लिमपाली के तेजराम बरिहा के खेत में लगे ऑयल पाम खेती की उपज एवं आमदनी के बारे में जानकारी ली और किसानों को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अन्य किसानों को पाम ऑयल की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान उद्यान विस्तार अधिकारी मनोज ड़ड़सेना, विनय पटेल, योगेश नायक, रेशम विभाग के मधुप चंदन और कृषि विकास अधिकारी बसंत नायक उपस्थित थे। ग्राम बनवासपाली के कृषक ईश्वर सिदार ने कलेक्टर साहू को जानकारी दी कि उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से 12 एकड़ में पौधे का रोपण किया है। इस वर्ष 2.5 एकड़ में उत्पादन शुरू हो गया है। माह जून से अब तक 30 क्विंटल उत्पादन हो चुका है, जिसका बाजार मूल्य पचास हजार रुपये है और फलो की खरीदी गोदरेज कंपनी द्वारा की जाती है। ग्राम लिमपाली निवासी कृषक तेजराम बरिहा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि, उन्होंने 6 एकड़ में 2 वर्ष पूर्व रोपण किया है जिसमे अंतरवर्ती फसल के रूप मिर्च की खेती की है। मिर्च की खेती से इस वर्ष कृषक को 6 एकड़ में लाखों रुपए की आमदनी मिल चुकी हैं। नेशनल खाद्य तेल पाम ऑयल मिशन कृषकों के लिए यह लाभकारी योजना है। इस योजना के तहत कृषको को पहले वर्ष प्रति एकड़ 57 पौधे प्रदाय किये जाते है। पहले से चौथे वर्ष तक प्रति एकड़ रखरखाव हेतु 2100 रू. तथा अंतरवर्ती फसलों हेतु 2100 रू. अनुदान के रूप में विभाग द्वारा प्रदाय किया जाता है। 5 एकड़ में फसल लगाने पर बोरवेल के अनुदान का भी प्रावधान है। ऑयल पाम के पौधे 9 × 9 मीटर की दूरी पर लगाये जाते है।

# बसना में निकला पथ संचलन, विधायक कार्यालय में हुआ पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






बसना नगर में विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति बसना प्रखंड के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती की उपलक्ष्य में मान वंदना यात्रा के तहत पथ संचलन निकाला गया। बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल के विधायक कार्यालय में पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन में शामिल सभी बालिकाएं एवं मातृशक्ति घोष वादन की धून पर कदम ताल करती हुई दिखाई दी। सभी बालिकाएं सफेद गणवेश के साथ भगवा दुपट्टा धारण कर पथ संचलन में शामिल हुए। इस दौरान सभी बालिकाएं हाथों दंड लिए जबकि ध्वजवाहक तलवार लिए चलती हुई दिखाई दी। विधायक कार्यालय के अलावा नगर में जगह जगह पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, अखिलेश भोई,विधायक प्रतिनिधि व महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि विकास वाधवा, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, विधायक कार्यालय आपरेटर जुगेश्वर बाग सहित विधायक कार्यालय सहयोगी साथी मौजूद रहे।

## विगत 08 दिनों में चोरी के 10 दोपहिया वाहन ज़ब्त कर 8 आरोपियों को जेल भेजा गया

# चोरों के बढ़ते आतंक पर भारी पड़ी जशपुर पुलिस ,रात्रि गश्त में तीन चोर बाईक समेत हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





रात्रि में सिटी कोतवाली जशपुर नगर क्षेत्र में थाना का निगरानी बदमाश मोटर सायकल से घूमते हुए पाया गया, जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर वह भागने लगा जिसका पुलिस द्वारा पीछा कर अभिरक्षा में लिया गया एवं उसके पास मौजूद बजाज पल्सर मोटर सायकल क्र. जे.एच. 07 एच/6182 का दस्तावेज मांगने पर उपलब्ध नहीं होना बताया एवं उसे कुछ दिन पूर्व गुमला से चोरी करना बताया, जिसे जप्त कर थाना में लाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक रविशंकर तिवारी द्वारा उक्त वाहन का इंजन, चेचिस नंबर के माध्यम से वाहन मालिक का नाम पता किया गया जो वाहन मालिक विकास कुमार सिंह निवासी गुमला का होना पता चला। प्रार्थी के द्वारा इस संबंध में थाना गुमला में 25.11.2024 को मोटर सायकल चोरी करने का अप.क्र. 402 भा.न्या.सं. की धारा 303(2) का अपराध दर्ज कराया गया है। सिटी कोतवाली जषपुर द्वारा प्रकरण में आगामी कार्यवाही गुमला पुलिस को सौंपा गया है।

**बागबहार का मामला** -दूसरे प्रकरण में थाना बागबहार द्वारा प्रार्थी गजेन्द्र कुमार पैंकरा निवासी बिच्छीटोली की पेमला नाटक कार्यक्रम से मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम.जी. 5155 के चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण के आरोपी राजकुमार साय उम्र 38 साल निवासी भगोरा को चोरी किया हुआ मोटर सायकल से घूमते पाये जाने पर जप्त कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**तपकरा का मामला** -तीसरे प्रकरण में थाना तपकरा में दर्ज मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी विशाल सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी तपकरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह 20.11 की रात्रि करीब 11.30 बजे तपकरा गांव के कुकुरडूबा में आयोजित मेला देखने अपने मोटर सायकल बजाज सी.टी. 100 क्रमांक सी.जी. 14 एम.क्यू. 0969 से गया था, जिसे मेला के बाहर जहाँ सभी मोटर सायकल व अन्य गाडियों खड़ी थी वहीं पर अपना मोटर सायकल को खड़ा कर मेला देखने गया था जो मेला देखने के बाद करीब एक घंटा बाद जब आकर देखा तो इसका मोटर सायकल को अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया था। तपकरा में रात्रि गष्त के दौरान 26.11.2024 को आरोपी इलियस बडा को संदिग्ध स्थिति में एच एफ डिलक्स मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम.पी. 8369 से तपकरा में घुमते मिला जिसे थाना लाकर कडाई से पूछताछ करने पर 20.11.2024 को अपने साथी प्रेमानंद चैहान उर्फ मुनू निवासी रेगारडीपा थाना तपकरा एवं सुधीर मिंज के साथ तपकरा मेला से कुल 03 नग मोटर सायकल को चोरी करना बताया। आरोपी सुधीर मिंज के कब्जे से प्लेटिना मो. सा. सी.जी. 14 एमपी 9998 को जप्त कर 30.11 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इसके आलावा विगत दिनों थाना फरसाबहार द्वारा भी 03 आरोपियों देवनाथ साय पैंकरा, भजन यादव एवं देवव्रत साय से चोरी का 04 मोटर सायकल एवं 01 स्कूटी तथा थाना तपकरा द्वारा भी इलियास बड़ा सुबलया नवरंगपुर थाना सदर बनपाली जिला सुन्दरगढ़ (उडिसा) एवं प्रेमानंद चैहान उर्फ मुनू निवासी रेगारडीपा थाना तपकरा से 02 चोरी का मोटर सायकल को जप्त किया गया है।

जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना/चैकी प्रभारियों को रात्रि गष्त अत्यंत प्रभावी करने के निर्देश दिये गये हैं, जिसका परिणाम आने लगा है।

**-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रहा है : नारद साहू

पायनियर संवाददाता ◀ पाटन
www.dailypioneer.com



दक्षिण पाटन भाजपा मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं सुरपा धान खरीदी केंद्र के प्राधिकृत अध्यक्ष नारद साहू एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है, कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। साहू ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है।

# शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत नहीं: दिव्या प्रभा



दिव्या प्रभा की फिल्म ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट की कहानी काफी ज्यादा प्रेरणादायक है। इस फिल्म में महिलाओं के जीवन और उनके संघर्षों के बारे में बताया है। वहीं फिल्म को ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार भी मिला है। इस फिल्म से दिव्या का एक वीडियो लीक हो गया था। जिसके बाद से ही एक्ट्रेस सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस वीडियो पर चुप्पी तोड़ी है।

एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात करते हुए कहा- ये बहुत पथेटिक है। हालांकि, जब मैंने रोल के लिए साइन अप किया था, तब भी मुझे केरल में लोगों के एक ग्रुप से ऐसे रिएक्शन की उम्मीद थी। हम एक ऐसी कम्युनिटी हैं जो योर्गोस लैंथिमोस जैसे फिल्म मेकर्स और यहां तक कि फिल्म में उनके काम के लिए ऑस्कर जीतने वाली एक्ट्रेस के लिए भी जश्न मनाते हैं। लेकिन हमें मलयाली महिलाओं का ऐसा रोल करना बर्दाश्त नहीं है।

उन्होंने आगे बताया- मुझे ये देखकर खुशी हुई कि ऐसे लोग थे, खासकर पुरुष, जिन्होंने इस हरकत का विरोध किया। इससे पता चलता है कि करंट जेनरेशन में बहुत उम्मीदें हैं। लीक हुए वीडियो को शेयर करने वालों में 10 पर्सेंट आबादी शामिल है और मैं उनकी मानसिकता को नहीं समझती। मलयाली भी केंद्रीय बोर्ड का हिस्सा थे, जिसने हमें मंजूरी दी थी।

इसके आगे एक्ट्रेस ने बताया - एक एक्टर होने के नाते मैं ऐसी स्क्रिप्ट करती हूं जिसके लिए मैं कंफर्टेबल हूं और मैं ऑल वी इमेजिन ऐज़ लाइट में अपने किरदार को लेकर पूरी तरह कंफर्टेबल थी। कुछ लोगों ने मेरी आलोचना करते हुए कहा कि मैंने शोहरत के लिए ऐसा सीन किया है और मैं क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्मों का भी हिस्सा रही हूं। मुझे नहीं लगता है कि शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत है।

एक्ट्रेस की फिल्म की बात करें तो उनकी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' में अनु का किरदार निभाया है। यह एक बागी किस्म का किरदार रहा। इस किरदार को पर्दे पर दिव्या प्रभा ने बखूबी निभाया है। उन्हें इस किरदार को निभाने के लिए काफी तारीफ भी मिली। आगे भी वह अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार करने की ख्वाहिश रखती हैं।

# सोफिया अंसारी ने शेयर किया सेक्सी वीडियो, व्हाइट रेड बिकनी में दिखाया हॉट अवतार

सोफिया अंसारी आए दिन फोटोशूट करवाती हैं और फिर सोशल मीडिया अकाउंट से अपने ग्लैमरस पिक्चर्स शेयर करती रहती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज देखकर उनके फैंस आहें भरते हैं। उन्होंने एक बार फिर रिवीलिंग ड्रेस पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। सोफिया अंसारी के फोटोज शेयर करते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस उनको बार-बार निहारने पर मजबूर हो रहे हैं। इसके साथ ही उनके तमाम चाहने वाले फैंस रिएक्शन दे रहे हैं। सोफिया अंसारी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपना हॉट सेक्सी वीडियो शेयर किया है। इस सेक्सी वीडियो में वे बेहद हॉट अंदाज में नजर आई हैं। साथ ही वह एक अंग्रेजी गाने में लिप्सिंग कर रही है। सोफिया अंसारी रेड व्हाइट बिकनी में अपनी अदाओं का जलवा फैंस को दिखा रही हैं।



# 250 करोड़ में क्लब में कार्तिक आर्यन की फिल्म की एंट्री, सिंघम अगेन को छोड़ दिया बहुत पीछे

कार्तिक आर्यन का बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम है। अब कार्तिक जो भी फिल्म लेकर आते हैं वो सुपरहिट ही साबित होती है। कार्तिक के सामने बड़े स्टार भी नहीं टिक पा रहे हैं। उनकी फिल्म भूल भुलैया 3 दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। भूल भुलैया 3 के साथ अजय देवगन की सिंघम अगेन रिलीज हुई थी। कार्तिक की फिल्म ने अजय को भी पीछे छोड़ दिया है और पहले ही 250 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।

भूल भुलैया 3 ने क्लैश में बाजी मार ली है। जब सिंघम अगेन का ट्रेलर आया था उसके बाद सभी को लगने लगा था कि इसके आगे कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 टिक नहीं पाएगी। मगर हुआ इसका उल्टा ही है। भूल भुलैया 3 का पलड़ा भारी हो गया है और ये सिंघम अगेन से आगे निकल गई है।

भूल भुलैया 3 को रिलीज हुए 27 दिन हो गए हैं। फिल्म का 27वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है और ये फिल्म अब दुनियाभर में छा चुकी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक भूल भुलैया 3 ने 27वें दिन करीब 1 करोड़ का कलेक्शन किया है। जिसके बाद फिल्म का टोटल कलेक्शन 250.10 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही भूल भुलैया 3 250 करोड़ के क्लब में एंट्री कर गई है।

वहीं सिंघम अगेन की बात करें तो इस फिल्म ने सिर्फ 60 लाख का कलेक्शन किया है। अजय देवगन की फिल्म की कमाई अब करोड़ों से लाखों में आ गई है। जिसकी वजह से इसका कलेक्शन ज्यादा नहीं बढ़ पा रहा है। सिंघम अगेन का कलेक्शन अब 242.10 करोड़ हो गया है।

## सूर्या-बॉबी देओल की एपिक फैंटेसी एक्शन फिल्म ने की अबतक की सबसे कम कमाई

सूर्या स्टारर एपिक फैंटेसी एक्शन फिल्म कंगुवा का वैश्विक प्रीमियर 14 नवंबर, 2024 को हुआ। फिल्म में सूर्या दोहरी भूमिका में हैं और इसमें बॉबी देओल, दिशा पटानी, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, नटराजन सुब्रमण्यम, कोवई सरला और केएस रविकुमार सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 2 सप्ताह हो चुका है। 2 सप्ताह में फिल्म 70 करोड़ रुपये का भी आंकड़ा नहीं कर पाई है। तो चलिए जानते हैं कि कंगुवा ने 14 दिनों में कितनी कमाई कर पाई हैं। सैकनिल्क वेबसाइट के अनुसार, कंगुवा ने भारत से 14 दिनों में 68.70 करोड़ रुपये की कमाई की है।14वें दिन, वेबसाइट के शुरुआती अनुमान के अनुसार, फिल्म ने 30 लाख रुपये कमाए हैं। बता दें सूर्या स्टारर की यह कमाई अब तक की सबसे कम कमाई है। कांगुवा की भी ऑक्यूपेंसी दर बहुत कम है। बुधवार, 27 नवंबर को तमिल में फिल्म की कुल ऑक्यूपेंसी 11.61 प्रतिशत रही। बतासिवा की ननिर्देशित कंगुवा ने बड़ी उम्मीदों के साथ बड़े पर्दे पर उतरी।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 को संसर बोर्ड ने दिया यू/ए सर्टिफिकेट, एक्टर ने जाहिर की खुशी

अल्लू अर्जुन स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। जो 12 वर्ष और उससे ज्यादा उम्र के दर्शकों को फिल्म देखने के लिए परमिट करता है। बच्चों के लिए माता-पिता के मार्गदर्शन की सलाह दी गई है। यू/ए प्रमाणन से पता चलता है कि पुष्पा 2 में कुछ सीन हैं जो युवा दर्शकों के लिए उचित नहीं हो सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर, इसे माता-पिता की देखरेख में देखा जा सकता है। सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिलने पर अल्लू अर्जुन ने नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कैप्शन लिखा, यू/ए इट इज। पुष्पा 2 ब्लॉकबस्टर पुष्पाः द राइज का सीक्वल है, जो 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े थे साथ ही यह दर्शकों को भी काफी पसंद आई थी इसीलिए पुष्पा 2 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म सुकुमार द्वारा निर्देशित है और इसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल प्ले कर रहे हैं वहीं रश्मिका उनके अपोजिट हैं।

मेकर्स पुष्पा 2 के लिए बड़े लेवल की तैयारी कर रहे हैं। पुष्पा 2 का ट्रेलर पटना के गांधी मैदान में 17 नवंबर को लॉन्च किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के प्रमोशन के लिए कई बड़े शहरों का टूर किया जा रहा है जिनमें पटना, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, बैंग्लोर और कोच्चि शामिल हैं। इसकी शुरुआत 17 नवंबर को पटना से हो गई है। फिल्म 5 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल अहम रोल में हैं।



# वजात बच्चे के लिए बेहद जरूरी है धूप, जान लें सही टाइम और खतरे

**हमारे यहां दादी-नानी के जमाने से ही बच्चों को धूप दिखाने की आदत रही है। नवजात बच्चे के लिए सर्दियों की धूप बेहद फायदेमंद मानी जाती है। गुनगुनी धूप से बच्चे के शरीर को ढेर सारे फायदे मिलते हैं। हालांकि, कई महिलाएं अपने बच्चे को धूप में ले जाने से बचती हैं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी तबीयत बिगड़ सकती है। अगर आपको भी ऐसा ही लगता है तो यहां जानिए बच्चे को धूप में ले जाने का सही टाइम, इसके फायदे और साइड इफेक्ट्स...**

नवजात बच्चों को सर्दियों में धूप जरूर दिखानी चाहिए। शरीर में धूप लगने से कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियां से बच्चे बचते हैं। धूप की गर्मी से शरीर में गर्माहट आती है, जिससे बच्चा एनर्जेटिक बना रहता है। ठंड के मौसम में बच्चे को सुबह 9 से 11 बजे तक धूप में ले जा सकते हैं। उनके लिए 15 से 30 मिनट की धूप काफी है। इससे ज्यादा धूप में बच्चो को न रखें। दोपहर के वक्त बच्चे को धूप में ले जाने से बचें।

**नवजात बच्चे के लिए धूप कितना जरूरी**

**हड्डियों को मिलती है मजबूती**

नवजात शिशु को थोड़ी देर धूप में ले जाने से उनकी हड्डियां मजबूत बनती हैं। उन्हें अच्छी तरह विटामिन डी मिलता है, जो शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। समय से पहले जन्मे बच्चों में विटामिन डी की कमी होती है, ऐसे में थोड़ी देर धूप उनके लिए अच्छी हो सकती है।

### बच्चे का दिमाग बढ़ता है

सर्दियों की धूप दिलाने से नवजात बच्चों के दिमाग की ग्रोथ अच्छी तरह होती है। इससे दिमाग में सेरोटोनर्जिक की एक्टिविटी बढ़ती है। सेरोटोनिन हार्मोन मूड को कंट्रोल करने का काम करता है। धूप में बच्चे का सेरोटोनिन सही बना रहता है।

### जॉन्डिस से बच्चे बचेंगे

बच्चे को धूप में ले जाने से जॉन्डिस यानी पीलिया का खतरा कम हो सकता है। कई अध्ययन में बताया गया है कि धूप बिल्रूबिन तोड़ने में मदद मिलती है। इससे त्वचा पीली पड़ जाती है। बच्चे को कुछ समय के लिए धूप में ले जाने से इस बीमारी को कम करने में मदद मिलती है। हालांकि अगर बच्चा बीमार है तो डॉक्टर की सलाह पर ही धूप ले जाएं।

सर्दियों में बच्चों को धूप कैसे दिखाएं

1. बच्चे की त्वचा नाजुक होती है, इसलिए ध्यान रखें धूप से उनकी त्वचा लाल न हो।
2. धूप में डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाएं।
3. धूप में ले जाने से पहले बच्चे को कैप बनाएं ताकि उनकी आंखों और चेहरे पर धूप सीधे न पड़े।
4. बच्चे को धूप में ले जाने से पहले उन्हें आरामदायक कपड़े पहनाएं ताकि सीधी धूप से उनकी त्वचा बचे।
5. अगर धूप में तेज हवा चल रही है तो बच्चे को बाहर न लेकर जाएं।

बच्चे के लिए धूप के साइड इफेक्ट्स

1. ज्यादा धूप की वजह से बच्चे में स्किन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से सनबर्न, स्किन इंफेक्शन या स्किन काला पड़ जाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
2. ज्यादा धूप से बच्चे को आंखों से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं।

# सर्दियां शुरू होते ही आपको भी होने लगी है ड्राइनेस की दिक्कत ? ये घरेलू नुस्खे आएंगे काम

**मौसम बदलने के साथ स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्या भी बढ़ जाती है। अक्सर लोग ड्राई स्किन की समस्या से काफी ज्यादा परेशान रहते हैं। मौसम में जैसे-जैसे नमी बढ़ती है शरीर में नमी की कमी होने लगती है। स्किन में नमी बनाए रखने के लिए लोग अक्सर कई सारे क्रीम का इस्तोल करते हैं। जिनकी स्किन काफी ज्यादा ड्राई हो रही है वैसे लोगों को अक्सर नहाते वक्त गर्म पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन काफी ज्यादा ड्राई होती है। इसलिए गुनगुने पानी से नहाएं। खुद को हाइड्रेट रखें : हर दिन कम से कम आठ गिलास तरल पदार्थ पिएं, जिसमें चाय, दूध और कॉफ़ी शामिल हैं। विटामिन ए, सी और ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लें।**



- **लगातार मॉइस्चराइज़ करें :** अपनी त्वचा को धोने के तुरंत बाद मॉइस्चराइज़र लगाए। आप लोशन की जगह मलहम या क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- **नारियल का तेल :** इसमें संतृप्त वसा अम्ल होते हैं जो शुष्क त्वचा में मौजूद दरारों को भरने के लिए एक एमोलिएंट के रूप में काम करते हैं।
- **शहद :** इसमें सूजन-रोधी और रोगाणुरोधी गुण होते हैं।
- **एलोवेरा :** इसमें पॉलीसेकेराइड होते हैं जो त्वचा के विकास को प्रोत्साहित करने और शुष्क, चिड़चिड़ी त्वचा को ठीक करने में मदद कर सकते हैं।
- **दलिया:** नहाने में डालने या क्रीम में इस्तेमाल करने पर शुष्क त्वचा से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। लंबे समय तक गर्म पानी से नहाने से आपकी त्वचा से तेल निकल सकता है। अपने नहाने के समय को 5-10 मिनट तक सीमित रखें और गर्म पानी का इस्तेमाल करें।
- **ह्यूमिडिफ़ायर का इस्तेमाल करें:** ह्यूमिडिफ़ायर आपके घर के अंदर की हवा में नमी जोड़ सकता है। नमी का स्तर 30% से ऊपर रखें।
- **दस्ताने पहनें:** दस्ताने आपके हाथों को पर्यावरणीय कारकों से बचा सकते हैं जो आपकी त्वचा को शुष्क कर सकते हैं।
- कोमल त्वचा देखभाल उत्पादों का उपयोग करें
- कठोर, शुष्क करने वाले साबुन, डिओडोरेंट, जीवाणुरोधी डिटर्जेंट, सुगंध और अल्कोहल से बचें।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत एमसीपी की राशि का बंदरबांट

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं का जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तरह तरह की योजनाएं संचालित किया जाता हैं। जिसमें ग्रामीण महिलाओं की समूह तैयार किया जाता हैं और उनको बचत के लिए प्रेरित किया जाता है। उनका बैंक में खाता खोलकर राशि को जमा किया जाता हैं। स्व-सहायता समूह की दीदियों को सूक्ष्म ऋण योजना के तहत कम ब्याज पर ऋण दिया जाता हैं और उसके ब्याज की राशि को प्रतिमाह समूह की दीदियों के द्वारा जमा किया जाता हैं। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा और बाजार चारभाटा में उक्त ऋण की व्याज राशि का बंदरबांट की जा रहा है साथ ही मिली जानकारी अनुसार अपने मनचाहे समूह को ही ऋण प्रदान किया जाता हैं। योजना का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर समर्पित सहायता संरचनाओं तथा संगठनों के माध्यम से सभी ग्रामीण परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करने और उनकी क्षमता में वृद्धि, वित्तीय स्थिति एवं स्व-प्रबंधित आत्मनिर्भर संगठनों, रोजगार, लाभकारी स्व-रोजगार एवं उद्यमों के माध्यम से गरीबी दूर करने का प्रयास करने का है लेकिन यहां के जिम्मेदार ऐसा नहीं कर रहे बल्कि समूह के दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के बजाए उन्हें कंगाल बना रहे है जो जांच का विषय है।

## व्याज की राशि का बंदरबांट की संभावना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना अन्तर्गत महिला स्वा सहायता समूह की दीदियों के आय में वृद्धि करने के लिए सूक्ष्म ऋण योजना के तहत ऋण दिया जाता है जिसका ब्याज दीदियों के द्वारा नियमित रूप से प्रतिमाह जमा कर दिया जाता हैं लेकिन मिली जानकारी अनुसार उक्त ब्याज की राशि का बंदरबांट किया जाता हैं जिसका कोई हिसाब नहीं है। समूह की दीदियों के द्वारा जमा करने और राशि लेने वाले अपने खाता में अलग तिथि को जमा करते है मतलब उक्त राशि का निजी उपयोग भी किया जाता हैं। जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

## दाल मिल से लाभ के बजाए हानि

महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए सहसपुर लोहारा विकासखंड के दस महिला समूह को लाखों रुपए की दाल मिल उपलब्ध कराई गई है हालांकि दीदियों को मिल से दाल निकालने की प्रशिक्षण दिया गया है। मिल को चालू करने के लिए विद्युत विभाग से उन्हें कनेक्शन दिलाने में भी मदद किया गया है। दीदियों ने मिल से दाल तो नहीं निकाल पा रहे है बल्कि उनकी खुद की दाल निकल रहा है। प्रतिमाह बिजली का बिल पटाने में सक्षम नहीं है । बिजली विभाग ने राशि वसूली के लिए लोक अदालत में आवेदन भी दिए हैं।

## जांच में अनियमितता उजागर होने की संभावना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना अन्तर्गत ऋण वितरण में पूरा कबीरधाम के 16 कलस्टर किए जाने की संभावना है लेकिन सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा और बाजार चारभाटा में कुछ ज्यादा ही गड़बड़ियां होने की जानकारी मिलता है। जिसका सूक्ष्म जांच की आवश्यकता है। यदि जांच सही तरीके से होगा तो कई जिम्मेदार लपेटे में आने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

# नगर पंचायत कुसमी में आशीष छाबड़ा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली बैठक



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का नगर पंचायत कुसमी में आगमन हुआ जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत किए जाने की घोषणा की थी जिसका अमल अब जाकर हुआ है नगर पंचायत कुसमी में पहली बार जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करने जा रही है साथ ही साथ वार्ड के पार्षदों का भी चुनाव किया जाएगा जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाने के लिए उत्साहित करने हेतु पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता तक कांग्रेस की रीति नीति से परिचय कराने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के निष्क्रियता को आम जनता के समक्ष उजागर करने हेतु कहा पूर्व विधायक में प्रदेश में चल रही धान खरीदी की व्यवस्था में भारी अराजकता तथा किसानों के साथ हो रहे अन्य को भी आम जनता को समझने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत है जो आम जनता के हित में सदैव जमीन की लड़ाई लड़ने को तत्पर रहते हैं इस बैठक में संतोष साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुसमी रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला विजय पारख रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला भरत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला राजेश दुबे पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेरला अविनाश साहू रमाकांत साहू धनुष बारले मोनल सिन्हा जितेंद्र जोशी लोकनाथ यादव भागवत साहू राधेश्याम देवांगन असर बेग ऋषि साहू होम्लू साहू नेम सिंह चौहान कुंज लाल धीवर उमाशंकर साहू चंद्रशेखर दुबे सहित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लंबित प्रकरणों शीघ्रता से निराकरण करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था और उसकी प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम विनय पोयाम, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर आर. बी. देवांगन, डिप्टी कलेक्टर गीता रायस्त सहित सर्व तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि ये सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े होते हैं। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारी को पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निष्पादन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि धान खरीदी शासन की सबसे प्राथमिकता में शामिल है। धान बेचने में किसी भी किसान को दिक्कत नहीं होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी लगातार होनी चाहिए। किसी भी केंद्र में बंद होने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, किसी भी केंद्र में बारदाना की कमी होने पर जानकारी दे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उचित मूल्य की दुकानों से बारदाने एकत्रित करे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का विधायक साहू ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर के टाउन हॉल मे आयोजित साहू समाज के युवक युवती सम्मेलन कार्यक्रम मे शामिल होने बेमेतरा पहुचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का स्थानीय रेस्ट हाउस मे विधायक दीपेश साहू बुके भेटकर भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया और विभिन्न विकाश कार्यों को लेकर गहन चर्चा किया गया। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दीपक ताराचंद साहू, प्रदेश मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा होरी लाल सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, राजू देवांगन, धर्मेंद्र साहू, देवराम साहू पार्षद, पंचू राम उपाध्यक्ष नगर पालिका, राजू साहू पार्षद, जया साहू पार्षद, युगल देवांगन, रोशन दत्ता, बिसन साहू, गैदा राम साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज, सूर्यकान्त साहू, तहसील अध्यक्ष बेरला, प्रेमु साहू, उमेश यदु, योगेश वर्मा, गौरव साहू, गौकरण साहू, निखिल साहू, नारद साहू, निखिल साहू, गजानंद साहू, परमेश्वर साहू, हनुमत, साहू, दीनानाथ साहू, परमेश्वर गायकवाड, रेवाराम निषाद, राकेश वर्मा, कमलेश वर्मा गोलू कोशले, डॉ मिलाप राम साहू, शेखर देवांगन, राजू साहू बीरेंद्र साहू, नरेश साहू, लक्ष्मी साहू, रीना साहू, ममता साहू, ओमेश्वरी साहू, नीलम साहू, सीमा साहू, सीलू साहू सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता साहू समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# नेवनारा चंडी मंदिर आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष बने प्रहलाद अग्रवाल



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चंडी मंदिर आश्रम में नेबनारा में ट्रस्ट समिति का चुनाव संपन्न हुआ। पिछले कार्यकाल में शानदार काम के लिए प्रहलाद अग्रवाल को धन्यवाद स्थापित किया गया और सम्मान किया गया। 5 साल कार्यकाल पूरा होने के बाद फिर से चुनाव कराया गया जिसमें ट्रस्ट समिति की सभी सदस्यों ने सहमति के साथ फिर से एक बार प्रहलाद अग्रवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिव वीरेंद्र तिवारी को चुना गया। सदस्य ट्रस्टी में है प्रहलाद अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, रामाधार साहू, शैलेश तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, मनोज तिवारी, देवेंद्र जैन, तोरण नायक रोशन वर्मा राजेश शर्मा लोकेश साहू सालिक साहू भक्तूपाल मदन सिन्हा योगेश तिवारी निशांत महेश्वरी परिवेश मिश्रा पोषण लाल वर्मा कमल साहू सभी सदस्य उपस्थित थे।

# देऊरझाल में बूथ अध्यक्ष बने विजय



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

भाजपा शक्ति केंद्र पतोरा में गुरुवार को नये सिरे से बूथ सशक्तिकरण का चुनाव किया गया। जिसमे चुनाव प्रभारी हरप्रसाद ऑडिल, सहप्रभारी देवचरण कौशल, शक्ति केंद्र प्रभारी टीकाराम देवांगन एवं भाजपा के कार्यकर्त्ता के साथ अन्य सभी भाजपा के पुरुष एवं महिला कार्यकर्त्ता की उपस्थिति में किया गया। बूथ क्रमांक 104 में पूरनलाल साहू, बूथ क्रमांक 105 में राजीव साहू, बूथ क्रमांक 106 में प्रेमलता साहू, बूथ क्रमांक 107 में ओमप्रकाश साहू एवं बूथ क्रमांक 108 देऊरझाल में विजय कुर्रे को बूथ अध्यक्ष बनाया गया।

# कोड़िया में 24 कुण्डीय यज्ञ के लिए भूमिपूजन किया गया

## गायत्री भारतीय संस्कृति व संस्कार का उद्गमस्थल है : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया एवं दुर्ग भिलाई उपजोन गायत्री परिवार दुर्ग के माध्यम से 25 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन निर्धारित है जिसके यज्ञ स्थल का भूमिपूजन बीते रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत कृषि सभापति राकेश हिरवानी, गायत्री परिवार दुर्ग भिलाई उपजोन सह-समन्वयक धीरजलाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, निकुम प्रज्ञापीठ पूर्व ट्रस्टी श्यामलाल मेश्राम, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, कोड़िया सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, संरक्षक सीएल चंद्राकर, जेपी दीपक, दिनेश दीपक, आंनद चंद्राकर सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे। गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने बताया राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के विराट आयोजन के लिए यज्ञस्थल, मां भगवती भोजनालय, सप्तक्रांति प्रदर्शनी स्थल, साहित्य स्टॉल सहित विभिन्न सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया 25 दिसम्बर को 1024 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो तीन निर्धारित केंद्रों कोकड़ी, भानपुरी एवं हनोदा से कोड़िया पहुंचकर कोड़िया में भ्रमण करेगी। 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को 300 से ज्यादा विवाहित जोड़ें 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। साथ इन तीन दिनों में महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, सम्यक स्वास्थ्य शिविर, नशामुक्ति कार्यशाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होगा। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा आध्यात्मिक अनुष्ठान लगातार होते रहना चाहिए क्योंकि आध्यात्म ही हमें सही जीवन जीने की सीख देती है। गायत्री को सद्विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों का सम्मिलित स्वरूप सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों को बढ़ाता है।

पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने कहा मानव जीवन बहुमूल्य है और पंडित श्रीराम शर्मा ने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए व्यक्तित्व परिष्कार एवं आदर्श परिवार की मूल भावना को लेकर समाज को स्वर्ग बनाने के लिए ज्यादा महत्व दिए हैं ताकि भावी पीढ़ी में संस्कारवान समाज का निर्माण को सके। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज अखिल विश्व गायत्री परिवार नव चेतना के व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण को धरातल पर ला रहा है। गायत्री महायज्ञ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संस्कार को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान समय में सनातन संस्कृति को संरक्षित रखने सरकार के साथ साथ समाज का हर वर्ग प्रयास कर रहा है। अंगारे बाबूजी, नागेंद्र साहू की टोली ने यज्ञ सम्पन्न कराया एवं गिरधारी साहू, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल की टोली भूमिपूजन कर्मकांड सम्पन्न कराया। यज्ञ में अश्वनी साहू, राकेश निषाद एवं देवेश साहू ने सहपत्नी एवं भूमिपूजन कर्मकांड के लिए जनपद सभापति राकेश-सीमा साहू एवं जितेंद्र-सोनाली सोनी ने यजमान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक डॉ नरेंद्र सिन्हा एवं आभार मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोवर्धन साहू, मलेश निषाद, प्रकाश निषाद, मोहन निषाद, रवि साहू, दीपक यादव, सरोजनी निषाद, गायत्री निषाद, आरती निषाद, ममता साहू, अंजू साहू, गुमिता साहू, सजल साहू, सुलोचना निषाद, सुनीता साहू, देवी साहू, हिमांशु साहू, युवराज साहू, रविन्द्र देशमुख, टालेश्वर साहू, जनार्दन साहू, बुद्धेश्वर साहू, चेतन दीपक, प्रेरणा सहित कोड़िया, हनोदा, धनोरा, पिसेगांव, अंडा, निकुम, कोकड़ी, उतई, कातरो, पुरई, खम्हरिया, धनोरा, रिसाली, पोटिया, भानपुरी के गायत्री परिजन एवं

# लिमिट से ऊपर होने के बाद भी अभी तक कई धान खरीदी केंद्रों शुरू नहीं हुआ है खरीदे धान का परिवहन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के कुछ धान खरीदी केंद्रों में किसानों से खरीदा गया । धान में से कहीं पर एक प्रतिशत धान का उठाव हुआ है तो कहीं पर दो प्रतिशत धान का परिवहन किया गया है जबकि अधिकतम धान खरीदी केंद्रों में अभी तक खरीदे गए धान का उठाव नहीं हो पाया है इसमें कुछ धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से ऊपर धान खरीदी होने के बाद भी अभी तक के धान का परिवहन शुरू नहीं हुआ पाया है जिससे किसानों की धान को रखने की समस्या धीरे-धीरे बढ़ रही है जबकि बीते दो-तीन दिनों से मौसम भी बदल चुका है और अधिक जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बदली छाई हुई है जिससे कभी भी बारिश होने की संभावना भी बनी हुई है इससे धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधकों को परेशानी हो रही है उसके बाद भी परिवहन करने की गति अभी तक के रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। जिले के जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से जिले के किसानों का धान को शासन के द्वारा खरीदा जा रहा है और सभी धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदने के स्थान को देखते हुए लिमिट को तय कर दिया गया है। जिसके कारण से अलग अलग धान खरीदी केंद्रों धान खरीदने का लिमिट अलग अलग है। इसके बाद भी जिस हिसाब से शुरुआती दौर पर धान बेचने के प्रति किसानों के रुचि बढ़ी हुई है। उसके कारण के कई धान खरीदी केंद्रों में लिमिट में अधिक धान खरीदा जा चुका है। क्योंकि अभी शुरुआती है जिसका किसानों के रुझान इस तरफधान बेचने की तरफ अधिक है इसलिए धान का आवक में तेजी बनी हुई है लेकिन खरीदे गए धान का परिवहन की सुस्त शुरुआत हुई, जिसके कारण धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधकों को खरीदे गए धन को रखने की समस्या अब बढ़ने लगी है। वहीं कई किसानों के धान समय से पहले धान खरीदी केंद्रों में आ जाता है जिसको भी रखने की एक समस्या समिति प्रबंधकों के पास बनी हुई है, इस कारण कई समिति प्रबंधकों का कहना है कि खरीदे गए धान का परिवहन तत्काल होने की आवश्यकता है, ताकि बदलते मौसम से धान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके और धान खरीदी केंद्रों में जगह पर्याप्त रहे और किसानों का धान को सुगमता के साथ खरीदा जा सके। लेकिन इस तरफ अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई गंभीरता दिखाई नहीं दे रहा है।

## अभी तक 1845216 क्विंटल की हो गई है खरीदी

जिले में जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों में अभी तक 1845216 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसमें से कुल खरीदें गया धान में से एक प्रतिशत से भी कम धान का परिवहन हो पाया है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार खरीदें धान में से मोटा धान 666518.40 क्विंटल खरीदी की गई है वहीं पतला धान 156572.40 क्विंटल धान को खरीदा जा चुका है जबकि सारण धान को क्विंटल 1022125.20क्विंटल धान खरीदा गया है।

## कुछ धान खरीदी केंद्रों में एक से दो प्रतिशत ही धान का हुआ उठाव

जिले के 129 धान खरीदी केंद्रो में से कुछ धान खरीदी केंद्र से एक से दो प्रतिशत धान का ही उठा हो पाया है जबकि लिमिट तय होने के बाद भी कई धान खरीदी केंद्र में लिमिट से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार मूरता धान खरीदी केंद्रों में 1.63 प्रतिशत धान का परिवहन हुआ है बीजाभाठ में 1.88 प्रतिशत, पेड़ीतराई में 1.48 प्रतिशत, दाढी में 1.51 प्रतिशत, बिटकुली में 1.91 प्रतिशत, रनबोड में 1.42 प्रतिशत, सेमरिया में 1.76 प्रतिशत का परिवहन अभी तक हो पाया है। जबकि कुरदा में 2.8 जाता में 2.23 झाल बेमेतरा में 2.29 बोरतरा में 2.005 भवरदा में 2.12 मऊ में 2.2 मझगांव में 2.41 प्रतिशत का ही धान का परिवहन हो पाया है। वहीं एक दो धान खरीदी केंद्रों में 5 प्रतिशत से अधिक का धान का उठाव किया गया है।

## 10 हजार क्विंटल से अधिक खरीदी के बाद भी नहीं हुआ धान परिवहन

जिले के करीब 20 से 25 धान खरीदी केंद्र ऐसे हैं जहां पर अभी तक 10000 क्विंटल से भी अधिक धान की खरीदी किसानों से किया जा चुका है। लेकिन ऐसी धान खरीदी केंद्रों से अभी तक एक भी बार खरीदे गए धान का परिवहन नहीं हो पाया है इसमें अकलवारा धान खरीदी केंद्र में 10732.80 क्विंटल धान का खरीदी हो गया है अंधियार खोर धान खरीदी केंद्र में 1598 1.20 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है कटई धान खरीदी केंद्र में 233 80.80 क्विंटल धान खरीदा गया है वहीं ओड़िया में 11101.3 क्विं टल धान की खरीदी की जा चुकी है कुरुद धान खरीदी केंद्र में 10 217.60 क्विंटल धान की खरीदी किया जा चुका है कुरा धान खरीदी केंद्र में 20306.40 धान की खरीदी की जा चुकी है कुसमी धान खरीदी केंद्र में 10362.40 क्विंटल धान की खरीदी किया गया है केहका धान खरीदी केंद्र में 16015 क्विंटल. 60 क्विंटल धान खरीदा गया है कांपा धान खरीदी केंद्र में 13003.20 क्विं टल धान खरीदा गया है। खंडसरा धान खरीदी केंद्र में 17436.80 क्विंटल की धान खरीदी गई है चोगी खपरी में 14987.20 क्विंटल धान खरीदा गया है जेवर धान खरीदी केंद्र में 10280.40 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है इसी तरह टेलका, डगनिया बा, डूड़ा, थान खमरिया नवागांव कला एवं दरी सहित कई धान खरीदी केदो में 10000 से अधिक क्विंटल धान खरीदा गया है जहां पर अभी तक एक बार भी परिवहन नहीं हो पाया है।

# न्योता भोजनः सामुदायिक भागीदारी की अनूठी पहल



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यार्थियों को गर्म और पौष्टिक भोजन प्रदान करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, राज्य के विद्यालयों में सामुदायिक आधार पर भोजन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को 'न्योता भोजन' नाम से लागू किया गया है। यह भारतीय संस्कृति की सामूहिकता और परोपकार की परंपरा का जीवंत उदाहरण है। छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में न्योता भोज कार्यक्रम की शुरुआत की थी। जिसमें स्कूली बच्चों को भोजन करवाया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री की इस छोटी सी पहल ने अब बड़ा रूप ले लिया है। जिसके तहत बेमेतरा जिले की बात करें तो 1000 से अधिक बार न्योता भोजन का आयोजन किया जा चुका है और यह कार्यक्रम लगातार जारी है।

## न्योता भोजन की अवधारणा

न्योता भोजन का विचार भारतीय समाज की पुरातन परंपरा से प्रेरित है, जिसमें त्यौहार, विवाह, जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य सामाजिक आयोजनों पर लोगों को भोजन करवाने की प्रथा है। इस पहल के तहत, विद्यालयों में समुदाय के लोग, सामाजिक संस्थाएं, और सरकारी अधिकारी-कर्मचारी विशेष अवसरों पर विद्यार्थियों के लिए पौष्टिक भोजन का आयोजन करते हैं। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के साथ-साथ उनमें सामाजिकता और सहभागिता की भावना विकसित करना है।

## बेमेतरा जिले की सफलता

बेमेतरा जिले के 1164 प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में से 1000 से अधिक स्कूलों में यह पहल सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। 743 प्राथमिक शालाओं और 388 मिडिल स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन किया जा चुका है। इन स्कूलों में 92525 विद्यार्थियों को भोजन अवकाश के दौरान गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया है। इस प्रक्रिया में भोजन कराने वाले लोग स्वयं बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं, जिससे बच्चों के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है।

## सामुदायिक भागीदारी का महत्व

न्योता भोजन की सफलता सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पहल न केवल बच्चों को पोषण प्रदान करती है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने में भी सहायक है। सरकारी अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, और स्थानीय लोग अपने निजी अवसरों पर बच्चों के साथ भोजन कर उनकी खुशी में शामिल होते हैं। यह प्रयास बच्चों में समाज के प्रति अपनापन और सहयोग की भावना विकसित करता है।

## पोषण और शिक्षा का समन्वय

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत लागू न्योता भोजन कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौष्टिक भोजन बच्चों की शिक्षा में भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। बेहतर पोषण के कारण उनकी सीखने की क्षमता और शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होता है।

## भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब

न्योता भोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत उदाहरण है। यह पहल दिखाती है कि हमारी प्राचीन परंपराएं आज के समय में भी प्रासंगिक हैं। सामूहिक रूप से बच्चों को भोजन करवाना न केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है।

## निष्कर्ष

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में न्योता भोजन जैसी पहल सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। यह पहल समुदाय, सरकार, और समाज के अन्य वर्गों के सहयोग से बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक सफल कदम है। यह न केवल पोषण प्रदान करती है, बल्कि बच्चों के भीतर सामाजिक मूल्यों और सहभागिता की भावना को भी बढ़ावा देती है। ऐसी पहलें अन्य राज्यों और क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक हैं और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित वार्षिक उत्सव संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में चार दिवसीय वार्षिक उत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, वार्षिक पत्रिका द सेजेस कैनवस का विमोचन व पुरस्कार वितरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. बच्चों में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ बहुआयामी विकास के लक्ष्य को लेकर अपनी कार्य योजना के साथ आगे बढ़ने वाला यह विद्यालय बच्चों की विभिन्न प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में कार्य करते हुए चार दिवसीय वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया, कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को चार हाउस क्रमशः शिवनाथ, अरपा, महानदी और इंद्रावती के आधार पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर विविध विधाओं पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास के प्रयासों से प्रेरित होकर अंतरिक्ष व विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में अभिरुचि बढ़ाने की दिशा में कार्य करते हुए प्रथम दिवस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों में पाक कौशल, व्यावसायिक प्रबंधन, ग्राहक सेवा का व्यावहारिक अभ्यास, स्वच्छता, अतिथि सत्कार आदि गुणों के विकास के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया. दूसरे दिन खेल प्रतिभाओं के विकास, आपसी सहभागिता, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, स्वास्थ्य, सामंजस्य आदि गुणों के विकास के लक्ष्य को लेकर पुलिस ग्राउंड जशपुर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, तीसरे दिन प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा राज्य स्तर पर शुरू की गई न्योता भोजन कार्यक्रम को सार्थक बनाते हुए प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा लगभग 700 बच्चों को न्योता भोजन कराया गया, वार्षिक उत्सव के अंतिम दिवस में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया जिसमें विभिन्न प्रदेश की वेशभूषाओं के साथ विभिन्न प्रादेशिक संस्कृतियों की झलक व स्थानीय परिवेश और लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण के साथ ही साथ शिक्षकों व बच्चों में विचार अभिव्यक्ति व लेखन कौशल के विकास को ध्यान में रखकर विद्यालय की पत्रिका निकाली गई

**विद्यालय की पत्रिका द सेजेस कैनवस का विमोचन-** मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता व समारोह के अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया। परीक्षा वर्ष 2024 में कक्षा दसवीं में स्टेट टॉपर सिमरन शब्बा इसी विद्यालय की छात्रा है साथ ही श्रेयांश यादव, दीमित्रा खड़क, उमा बरेठ और मोना यादव ने राज्य के मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया था, इसी तरह कक्षा 12वीं में प्रदेश के मेरिट लिस्ट पर तीसरे स्थान पर इसी विद्यालय की छात्रा आरुषि गुप्ता ने जगह बनायी थी.इन विद्यार्थियों को अभिभावक सहित विशेष रूप से आमंत्रित कर इस समारोह में सम्मानित किया गया, इसी तरह स्थानीय परीक्षाओं में भी परीक्षा वर्ष 2024 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय आये विद्यार्थियों को प्रोत्साहन करने की दिशा में पहल करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया. चार दिवसीय आयोजन में हाउस के आधार पर विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के अंकों के औसत के आधार पर हाउस को भी पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर - शिवनाथ हाउस द्वितीय स्थान पर - अरपा हाउस व तृतीय स्थान पर महानदी हाउस रहे।

# नगरीय निकाय चुनाव सम्बन्धित ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांपा की बैठक हुई सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय, चुनाव के मद्देनजर ब्लॉक चांपा (शहर) में बैठक रखी गई है जिसमे जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा प्रभारी नियुक्त मनोज तिवारी, एवं जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्य. अध्यक्ष सुनील साधवानी, ने चांपा ब्लॉक के प्रभारी मनोज तिवारी, विधायक ब्यास कश्यप, राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, अमरजीत सलूजा,सहित उपस्थित कांग्रेस जनों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, तैलीय चित्र पर फूलमाला धूप दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुवात की उपस्थित तथा सभी कार्यकर्ताओं को 27 वार्डो की तैयारी के बारे विस्तार से बताया, व सभी से कांग्रेस पार्टी के लिए जीत की तैयारी में जुटने की अपील की प्रभारी मनोज तिवारी,ने उपस्थित सभी को जीत का मंत्र देते संगठन को सूची तैयारी करने संबंध के बारे जानकारी दी और कैसे चुनाव जीतकर हम फिर से विजयी हो इस पर प्रकाश डाला विधायक ब्यास कश्यप, ने उपस्थित कांग्रेसजनों को पुनः नगर में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अभी से अपने वार्डो में सक्रिय रूप से जनता के बीच जाकर कार्य करने व समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश देते हुए सभी से चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहां जय थवाईत, राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता ने भी विस्तार से उपस्थित कांग्रेसजनों को जानकारी देते हुए नगरीय निकाय चुनाव, में जुटने की अपील की तत्पश्चात जोन के प्रभारी नारायण सोनी, कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सुनील साधवानी, नारायण सोनी, प्रभारी मनोज तिवारी, विधायक व्यास कश्यप, राजेश अग्रवाल, जय थवाईत, हरदेव देवांगन, पार्षद नागेंद्र गुप्ता, पुसउ सिदार, रंजन कैवर्त, डुग्गु प्रधान, गोविंद देवांगन,भीषम राठौर, अनिल रात्रे, भूपेंद्र यादव, अंजली देवांगन, गीता केशव सोनी, तमिन्द्र देवांगन, अवधेश यादव, पुरषोत्तम देवांगन, सतीश माहेश्वरी, संतोष अनन्त, पूर्व पार्षद प्रत्याशी हरीश पांडेय, गुलशन सोनी, परदेशी केंवट, शिवनंदन साहू, राजू शर्मा, दुर्गा कुर्रे, घनश्याम देवांगन, शर्मिष्ठा कंसारी, गौरीबाई देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी हरदयाल तंवर, अमरजीत सलूजा, राजेश्वर मिश्रा समद बेग, शांति सोनी, रामबाई स्वर्णकार, रूपचंद साधवानी।

# मनका पब्लिक स्कूल चांपा के वार्षिक उत्सव का आयोजन सम्पन्न

## 'अच्युतम केशवम' और 'ए वतन तेरे लिए' की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com




मनका पब्लिक स्कूल चांपा के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने अपनी सुरीली मधुर आवाज से संगीत का ऐसा जादू बिखेरा की खुशी से सब झूम उठे। अद्भुत संगीतमय प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। अनंत जायसवाल, आर्यन करियारे, आर्य मेहर, मयूरी प्रज्ञा साहू, अवेंजर प्रणय, और गगन सोनी की टीम ने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम और ए वतन तेरे लिए जैसे दो विपरीत भावनाओं वाले गीत प्रस्तुत किए। संगीत प्रशिक्षक चेतन भट के मार्गदर्शन में टीम ने ऐसी परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति अच्युतम केशवम की प्रस्तुति ने श्रोताओं को आध्यात्मिकता की गहराई में ले जाकर भावविभोर कर दिया। वहीं, ए वतन तेरे लिए ने देशप्रेम की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया की सभी कलाकारों की सामूहिक ऊर्जा, सटीक सुर-ताल, और भावनात्मक अभिव्यक्ति ने इस प्रदर्शन को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रतिभाओं और उनकी मेहनत का अद्भुत उदाहरण था, जिसने खूब तालियां बटोरी। संगीत के बारे में अनंत जायसवाल एवं उनकी टीम ने बताया कि हम लोगो को संगीत काफी पसंद है। संगीत में वह ताकत होती है जो शब्दो से परे जाकर लोगो को जोड़ती है। संगीत ही एकमात्र साधन है जो मानव मन को तनाव रहित करता है। संगीत जीवन का प्राण है। संगीत से सुकून, शांति मिलती है।

# बिर्रा रोड चांपा में महीनों से खराब लाइट

## लोग अंधेरे में आवागमन करने मजबूर

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com



बिर्रा रोड एलीगेंट पब्लिक स्कूल से लेकर आगे रामा हॉस्पिटल तरफ के रोड लाइट महीनो से ख़राब पड़ा है। बिर्रा रोड मे न्यू रेलवे कालोनी एलीगेंट स्कूल से अगर कोई व्यक्ति शाम के बाद घाटोली तरफ आगे बढेगा तो उसको अँधेरे मे गुजरना पड़ेगा, ये स्थिति एक महीने से बनी हुई है।ज्ञात हो कि चांपा नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 16 और 17 की आधी बस्ती बिर्रा रोड से घटोली चौक तक निवास करती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि नगरपालिका क्षेत्र होने के बावजूद गांव से भी बदतर जिंदगी जीने मजबूर है। बरसात के दिनों मे पानी की किल्लत से लोग परेशान रहते है और अब रोड लाइट ख़राब होने के कारण शाम के पहले ही घर के अंदर घुसकर रहना पड़ता है। बिर्रा रोड मे रात में हाइवा जैसी बड़ी गाड़िया चलती है और रोड लाइट के नहीं होने से खतरा भी मंडराता है। उस एरिया के लोग नगर पालिका के सम्बंधित कर्मचारियों एवं जिम्मेदारों को इसकी सूचना दीवाली के पूर्व दे चुके है। लेकिन आज तक रोड की सभी लाइट ख़राब पड़ी है। इनका कहना है कि पालिका द्वारा हमसे सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।लोगो ने जल्द इस सम्बन्ध मे पालिका का ध्यान देकर लाइट व्यवस्था को सुधारने की बात कही है।

# सेवा सहकारी समिति अध्यक्षों ने किया पूर्व विधायक खिलावन साहू का आभार

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्तमान में पूरे प्रदेश में सभी सेवा सहकारी समितियो में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है, इसी श्रृंखला में शक्ति जिले में भी विभिन्न सहकारी समितियो में नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, सक्ती विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मण्डल बाराद्वार के अंतर्गत सभी अध्यक्षों ने सक्ति के पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा डॉ खिलावन साहू से मिलकर उनका धन्यवाद व्यापित किया, इस दौरान भाजपा बाराद्वार मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष संतोष राठौर भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे, तथा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में नामांकित किये जाने पर सेवा सहकारी समिति बस्ती बाराद्वार अध्यक्ष प्रकाश साहू, नगरदा अध्यक्ष गोपाल जयसवाल, जर्वे अध्यक्ष रामदयाल सिदार, खैरा अध्यक्ष लखन राठौर, पतेरापाली अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, डुमरपारा अध्यक्ष रूपा देवी जयपुर विधायक जी से मुलाकात की,इस दौरान पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने सभी नए अध्यक्षों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने आप सभी को अलग-अलग समितियो में अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है, तथा आप अपनी-अपनी समितियो में छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप धान खरीदी का लाभ किसानों को दें एवं किसानों को समितियो में धान बेचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसकी चिंता करें।

# महिला जागृति शाखा ने गरीब-जरूरतमंदों को किया कंबल का वितरण



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

वर्तमान में शक्ति शहर सहित पूरे इलाके में सर्द हवाओं के चलते भारी ठंड पड़ रही है, तथा इस ठंड के चलते यहां गरीब, जरूरतमंद लोग गर्म कपड़ों के आभाव में खुले आसमान के नीचे ही अपनी अपनी रात काट रहे हैं, तो वहीं इसे देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति द्वारा ठंड की शुरुआत में ही रेलवे स्टेशन शक्ति में जाकर निर्धन -गरीब जनों को कंबल वितरण किया, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की पूर्व अध्यक्ष रीना गेवाडीन एवं शक्ति शाखा की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल ने बताया की ठंड के मौसम को देखकर निर्धन व असहाय लोगों के बीच आज हमारे द्वारा सक्ति नगर के स्टेशन प्लेटफार्म पर असहाय लोगों के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल जानते हुए सभी को कंबल वितरण किया है। ऐसे ठंड के मौसम में कई ऐसे परिवार रहते हैं, जिनके पास गर्म कपड़े नहीं रहते, इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि कंबल व गर्म कपड़ा बांटने के लिए सामाजिक लोगों के हाथ भी आगे बढ़े, जिससे असहाय, निर्धन व्यक्तियों को ठंड से राहत मिल सकती है। हमारे मंच के द्वारा सदैव जन हित के कार्य समय-समय पर चलाए जाते हैं, कंबल वितरण कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाडीन, पूर्व सचिव रितु अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, सुरेश डेंसिल, शिव प्रधान सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 9 दिसंबर को

- आमसभा और त्रि-वार्षिक चुनाव भी होंगे, दो सत्रों में संपन्न होगा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नौ दिसंबर 2024 को सुबह नौ बजे से जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला पंचायत कार्यालय के पास नवनिर्मित आडोटोरियम में आयोजित है। इस दौरान यूनियन की आमसभा के साथ ही त्रि-वार्षिक चुनाव भी संपन्न होगा। यह पूरा कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि प्रथम सत्र के अंतर्गत सुबह दस बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्य मंत्री एवं नगरीय प्रशासन लोक निर्माण मंत्री अरूण साव होंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, भाजपा के जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, भाजपा नेता एवं जनसेवक रवि पाण्डेय तथा नगर पालिका जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष आशु गोस्वामी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। वहीं द्वितीय सत्र दोपहर दो बजे से होगा, जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत होंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जबकि, विशिष्ट अतिथि बतौर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नगर पालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष जय थवाईत, नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। जिलाध्यक्ष राजू शर्मा ने आगे बताया कि इस सम्मलेन में प्रदेशभर से करीब 400 पत्रकार शामिल होंगे।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल की जिला स्तरीय बैठक रामामेट्रो टॉकीज में हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला बैठक शिवरीनारायण के रामा मेट्रो सिनेमा में हुई। जहां नव दायित्व की घोषणा की गई। जहां आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सीताराम कुंभकार ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से हिंदू समाज की संस्कृति को बनाए रखने के लिए बजरंगी युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन धर्म से चली आ रही हमारी संस्कृति परंपरा को बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने बताया कि धर्म व संस्कृति के खिलाफ छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उन्हें हिंदू समाज कड़ा सबक सिखाएगा। बैठक में आज हिंदूजन भारी संख्या में उपस्थित रहे और उपस्थित बजरंगियों ने मातृभूमि, हिंदू बहनों के साथ-साथ धर्म के तीन आधार स्तंभ गौ-गंगा और गीता की रक्षा करने और त्रिशुल दीक्षा को सफल बनाने संकल्प लिया। प्रखंडों के जिले के ओर नगर के कई दायित्वों की घोषणा की गई। कार्यकारिणी का हुआ विस्तार- जांजगीर जिला गौ रक्षा प्रमुख सयोजक सूरज यादव, जिला मीडिया प्रमुख आशीष कश्यप, अखाड़ा प्रमुख अंकित तिवारी, जिला सेवा प्रमुख रमेश साहू, जिला सह सेवा प्रमुख शिव प्रसाद साहू, सह संयोजक प्रखंड नवागढ़ से भानु कश्यप, शिवरीनारायण नगर में संयोजक अमन कुंभकार, सह संयोजक अभिषेक यादव गौ रक्षक प्रमुख सूरज केसरवानी, सुरक्षा प्रमुख विवेक यादव, अखाड़ा प्रमुख मनीष गुप्ता महिला शक्ति अन्नू श्रीवास मातृ शक्ति सह संयोजक रोशनी आदित्य को बनाया गया।

## रायपुर में होगा महालक्ष्मी वरदान दिवस का आयोजन

# युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक राजधानी रायपुर के होटल सॉलिवेटर जय स्तंभ चौक में संपन्न हुई, बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलंन कर हुआ,तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों में मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर, महिला विंग की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल रायपुर, हरिकेश पालीवाल, सुरेश चौधरी, राजेश केडिया, मनीष अग्रवाल रायपुर, प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे, बैठक को संबोधित करते हुए मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर ने कहा कि हमारा यह 13वां परिचय सम्मेलन अखिल भारतीय स्तर का है, तथा इस परिचय सम्मेलन में हमें अधिक से अधिक बायोडाटा संकलन करने हैं, साथ ही परिचय सम्मेलन में प्रत्याशी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे एवं बिना प्रत्याशी के परिचय सम्मेलन में अभिभावकों का प्रवेश भी निषेध रहेगा, जिससे परिचय सम्मेलन के इस कार्य को गति मिल सके, तथा परिचय सम्मेलन के दौरान हमारे मंच के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में भी अपना योगदान दे। बैठक के दौरान परिचय सम्मेलन के आयोजन से संबंधित परिचय पुस्तिका प्रकाशन, आवास व्यवस्था,भोजन व्यवस्था, पंजीयन व्यवस्था, सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई, तथा प्रांतीय बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 दिसंबर को राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में कुलदेवी महालक्ष्मी जी के वरदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा प्रांतीय स्तर पर स्थानीय तथा जिला इकाइयां भी अपने-अपने शहरों में 14 या की 15 दिसंबर को पूजा अर्चना एवं सेवा के काम करें तथा परिचय सम्मेलन की पुस्तिका के लिए भी अधिक से अधिक समाज बंधुओ से विज्ञापन रूपी सहयोग भी प्राप्त करें, बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए तथा मिले सुझाव पर भी परिचय सम्मेलन के कार्य को गति देने का निर्णय लिया गया, वहीं प्रांतीय बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला इकाई में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रीना अग्रवाल बसना महासमुंद एवं सारंगढ़ जिला अध्यक्ष के पद पर मोना अग्रवाल को मनोनीत किया गया, उन्हें मनोयन पत्र भी दिया गया, बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ के अवतार पर उपस्थित सदस्यों के बीच नितेश अग्रवाल एवं बबली अग्रवाल द्वारा केक काटकर उनके वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई तथा मंच परिवार की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी गई, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की संपन्न प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान आगामी समय में प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई तथा परिचय सम्मेलन से संबंधित प्रचार सामग्रियों का भी वितरण किया गया जिसमें बायोडाटा फॉर्म, फ्लेक्स बैनर इत्यादि शामिल है।

# प्रियंका मेहता बनाई गई लोक निर्माण विभाग शक्ति की पहली कार्यपालन अभियंता

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती जिला बनने के बाद धीरे-धीरे जिला स्तर के सरकारी दफ्तर प्रारंभ होने लगे हैं, इसी श्रृंखला में शक्ति अनुविभाग वर्षो से स्थापित है तथा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ बैठते है, किंतु अब जिला बनने के बाद शक्ति को भी लोक निर्माण विभाग ने कार्यपालन अभियंता की पहली नियुक्ति कर वर्तमान में बिलासपुर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ के पद पर पदस्थ प्रियंका मेहता को पहली कार्यपालन अभियंता बनाया है, तथा उपरोक्त नियुक्ति आदेश 30 नवंबर 2024 को जारी किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की नई नियुक्ति एवं पद स्थापना भी की गई है, शक्ति में लोक निर्माण विभाग का कार्यपालन अभियंता कार्यालय चालू होने से जहां विभागीय कार्यों में गति आएगी तो वहीं वर्तमान में लोक निर्माण विभाग शक्ति के कार्यों की अनुशंसा के लिए चाम्पा जाना पड़ता था किंतु अब शक्ति में ये सारी सुविधाएं लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों को भी प्राप्त होगी। उल्लेखित हो की शक्ति जिला गठन के पश्चात लोक निर्माण विभाग के वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार द्विवेदी की सक्रियता, सजगता से जहां इस नए जिले को निर्माण कार्यों के मामले में गति मिली तो वहीं तत्कालीन प्रथम कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने भी लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश द्विवेदी के साथ मिलकर नए जिला स्तर के सरकारी दफ्तरो तथा सभी विकासखंडों में आवश्यकता अनुरूप निर्माण कार्यों को गति देने की सुंदर कार्य योजना बनाई ।

# गरीबों को पढ़ाने का जुनून ऐसा की अपने खर्च से फ्री शिक्षा के साथ रहने खाने की भी व्यवस्था





पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही निशुल्क पढ़ाई करने वाले बच्चों की कॉपी-किताबें, पेन, पैंसिल और उनके रहने खाने का खर्चा भी एक महिला शिक्षिका स्वयं ही उठा रहीं हैं। केवटी में स्थित एक आश्रम में एक महिला शिक्षिका बिना किसी सरकारी मदद के गरीब परिवार के बच्चो को निशुल्क शिक्षा के साथ ही रहने के लिए संसाधन मुहैया करा रही है। यह ऐसी शैक्षणिक संस्था है जिसमें आसपास के गांवों के गरीब बच्चों को गोद लेकर उन्हें मुफ्त में वे सारी सुविधाएं दे रहे हैं जिनकी फीस बड़ी संस्थाओं में हजारों रुपए से कम नहीं है। ब्लाक मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम केवटी में एक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय हैं। लेकिन इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से महिला शिक्षिका ज्योति शोरी द्वारा अपने खर्च से एक कच्चे मकान में आश्रम बनाया है और बच्चों के रहने खाने और स्टेशनरी भी मुफ्त में मुहैया कराई जाती है। अभी वर्तमान में 17 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

## पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से आश्रम के गरीब बच्चों के बीच बांटे गये गर्म कपड़े

मदद या दान कई प्रकार के होते हैं लेकिन सर्वाधिक सबसे बड़ा दान शिक्षा दान होता हैं। समाज की मदद से एक छात्र-छात्रा शिक्षित नही होते बल्कि उनके साथ परिवार, समाज व देश का विकास होता हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भानुप्रतापपुर के पिछड़ा वर्ग समाज को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने आश्रम में छात्र छात्राओं के बीच गरम कपड़े वितरण किया। गरम कपड़े पाकर स्कूली छात्र-छात्राएं गदगद हो गईं। पिछड़ा वर्ग समाज भानुप्रतापपुर द्वारा सामाजिक जनसहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दिनों नगर के सामाजिक बंधुओं से चर्चा कर पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का गठन किया गया। पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का गठन करने का उद्देश्य यह है कि सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ते हुए समाज में गरीब और असहाय लोगों का मदद करना साथ ही क्षेत्र में जन सहयोग को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करना। सप्ताह में एक दिन कम से कम सामूहिक जन सहयोग के माध्यम से लोगों का सेवा करना। इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर केवटी द्वारा संचालित सेवा संस्थान के बच्चों को ठंड के मौसम को देखते हुए गरम कपड़ा वितरण किया गया। कपड़ा वितरण में सेवा संस्थान को जितेंद्र जायसवाल के द्वारा कपड़ा दान किया गया। सेवा संस्थान जितेंद्र जायसवाल का हार्दिक अभिनंदन करती है साथ ही समाज के लोगों से अपील करती है कि क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों की मदद करने के लिए आप लोग भी दान देकर पिछड़ा वर्ग सेवा संस्थान का मदद करते हुए इस पूर्ण कार्य में भागीदारी निभा सकते हैं। इस कार्यक्रम में माथेश्वर जैन अजय साहु अरविंद जैन ज्वाला जैन नरोत्तम सिंह चौहान दिपक गजेन्द्र हरेश चक्रधारी संस्था के प्राचार्य ज्योति सोरी संरक्षक हेमलता जैन गजानंद डड़सेना राजु श्रीवास अवध डड़सेना ग्राम केंवटी के उपसरपंच रोहित केमरो मनोज रावटे थकेश साहु योगेश सोनवानी सहदेव सोनवानी दिनु नथानी सुदामा यादव दयालु उयके आदि उपस्थित थे।

# सिकल सेल एनीमिया व ब्रेस्ट कैंसर के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं : राज्यपाल

## राज्यपाल डेका को जूनियर रेडकॉस जम्बूरी का एलबम भेंट किया




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. के. राउत एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें विगत माह दुर्ग में आयोजित जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी का एलबम भेंट किया। आज एड्स दिवस के अवसर पर राज्यपाल को रेडक्रॉस की टीम द्वारा बैज लगाकर सम्मानित भी किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी शाखा दुर्ग की अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्यपाल को जम्बूरी में आयोजित विविध गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल डेका ने छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनिमिया और ब्रेस्ट कैंसर बीमारी की पहचान और उसके उपचार के लिए किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली। इन बीमारियों के संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए रेडक्रॉस को अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी एक जिले का चिन्हाकन कर वहां सिकल सेल एनिमिया से ग्रस्त रोगियों का सर्वे किया जाये। इसी तरह ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों की पहचान के लिए किसी एक जिले का चिन्हाकन कर वहां सर्वे किया जाये, जिससे समय पर लोगों को चिकित्सा सुविधा मिले और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इसी अवसर पर रेडक्रॉस के पदाधिकारी, जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर एवं जूनियर रेडक्रॉस के सदस्य उपस्थित थे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती में 37 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूरस्थ अंचलों के लोगों तक भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी कढ़ी में बगीचा विकास खंड के विशेष पिछड़ी जनजातियों पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम सलखाडांड में किया गया। शिविर में कुल ओपीडी 37 विशेष पहाड़ी कोरवा मरीजों को देखा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का विशेष देखभाल व पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। टीबी मरीज मरीजो का स्क्रीनिंग व टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता बीपी व शुगर के मरीजों को स्वास्थ्य पर ध्यान तथा नशापान से दूर रहने की सलाह दी गई। डॉ.राहुल देव, स्टाफ नर्स संतोषी, सविता मेघश्याम वर्मा के द्वारा परामर्श जांच एवं उपचार संबंधित जानकारी पहाड़ी कोरवा परिवारों को दिया गया। इस अवसर पर बीपीएम बगीचा सूर्य र गुप्ता उपस्थिति थे।

# कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा उनकी कमजोरी दूर करें : डॉ. बंजारे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र विषय के व्याख्याताओं का तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का समापन हो गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले तथा डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी है। बच्चों को प्रायोगिक कार्य कराने से विषय के प्रति उनकी समझ स्थाई हो जाती है। जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र विज्ञान संकाय का एक महत्वपूर्ण विषय है इस विषय को डॉक्टर बनने वाले विद्यार्थी और इंजीनियर बनने वाले विद्यार्थी दोनों पढ़ते हैं। बच्चों की कमजोरी को जानकर उन्हें दूर करने का कार्य करें। उनकी समस्या को दूर करने का कार्य करें। कमजोर बच्चों को अलग से बुलाकर उपचारात्मक शिक्षण द्वारा उनके लिए अलग से कक्षाएं लगाकर उनकी कमजोरी दूर करें। इस वर्ष आप सब बोर्ड कक्षाओं की रिजल्ट को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। बोर्ड परीक्षा के परिणाम को और बेहतर सुधारना है। हमने पूरा साल भर का शेड्यूल बनाकर आपको दिया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से हमारा तात्पर्य है अधिक से अधिक छात्रों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना। तिमाही परीक्षा के परीक्षाफल की समीक्षा में भी परिणाम निराशाजनक रहे हैं। अपेक्षा के अनुरुप नहीं आया है। दिसंबर में छमाही परीक्षा होना है और जनवरी में प्री बोर्ड की परीक्षा होना है। हमारे जिले की बोर्ड परीक्षा के परिणाम को हम सबको मिलकर बेहतर बनाना है। शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाना, यही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। 10 जनवरी तक हर हाल में पाठ्यक्रम को पूर्ण करें। क्योंकि 10 जनवरी के बाद प्रायोगिक कार्य व परीक्षा शुरू होता है। आने वाले दिनों में हम 150 बच्चों की जिला मुख्यालय बेमेतरा में विशेष कोचिंग क्लास आयोजित की जाएगी। इसमें 75 बच्चे विज्ञान के और 75 बच्चे गणित में कोचिंग प्राप्त करेंगे। इसमें बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट की भी कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा का एक अच्छा वातावरण निर्माण करने का भरपूर प्रयास करें। कोर्स को पूरा करने के उपरांत आप पूरे कोर्स का एक बार पुनरावृति करें। आप सब अपने अपने विद्यालय के त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम का विश्लेषण करें। विश्लेषण करने के उपरांत ही हम बेहतर परीक्षा फल प्राप्त कर सकते हैं। जीवविज्ञान व रसायन शास्त्र विषय के प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सभी व्याख्याता को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है, और यहां से आपने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने स्कूल की कक्षाओं में बच्चों के साथ शत प्रतिशत से लागू करना है। घृतलहरे प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट के व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे थे। जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में जीवविज्ञान के लिए व्याख्याता केजहा राम निषाद, घनश्याम माडीले तथा रसायन शास्त्र के लिए व्याख्याता बालमुकुंद साहू, रवि चौहान ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस अवसर पर डाइट के व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, अमिंदर भारती उपस्थित थे। प्रतिभागी के रूप में अर्जुन कश्यप, प्रतिभा साहू, ममता रानी, अनिता चौबे, करुणा चौहान, रीता शर्मा, महेंद्र बंजारे, ज्योति श्रीवास्तव, पिंकी कश्यप, महेन्द्र देवांगन, सहित दोनों प्रशिक्षण में 185 व्याख्याता उपस्थित थे।

# 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति प्रदान करते हुए पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 31 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 22 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 03 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 27 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। रायपुर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ शुभम विश्वकर्मा, डॉ प्रिदम्बिनी नायक, डॉ तोयेष चंद्राकर, डॉ स्मृति इंगोले, डॉ साहिल कुमार, डॉ मिलनदीप कौर, डॉ देवांग शाह, डॉ नीलम जायसवाल, डॉ चंद्र शेखर जायसवाल, डॉ वाय. मुनमुन, डॉ यशवंत सोनी, डॉ दीक्षा थवाईत, डॉ ऋम्भरा शर्मा, डॉ वैशाली चौरसिया, डॉ यूसुफ उस्मानी, डॉ एम शिवानी राव, डॉ निशा पैकरा, डॉ शिखा शुक्ला, डॉ सोनाली अवधिया, डॉ सुब्रनिल घोष, डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ अदिबा खान, डॉ श्रेया मुखर्जी, डॉ एशिनी अग्रवाल, डॉ प्रीति खालखो, डॉ विकास सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह, डॉ संग्राम येरेवार, डॉ मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ सावी शुक्ला, डॉ सोनाली प्रकाश, डॉ धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ विवेक पटेल, डॉ कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ अदिति सिंह, डॉ नीलमणी सिंह, डॉ जोन कुजूर, डॉ पूजा सिंह, डॉ निशि निर्मलकर, डॉ प्रफुल्लता कंवर, डॉ अमीशा टेकाम, डॉ पूर्णिमा कंवर, डॉ दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ अनुभूति नंद, डॉ अदिति मारिया लाकरा, डॉ रितीशा वेरोनिका थॉमस,डॉ प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ संदीप पटेल, डॉ ज्योत्सना गुप्ता, डॉ स्मृति रानी लकड़ा, डॉ त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर व दुर्ग संभाग हेतु डॉ कृति ठाकुर, डॉ दामिनी नाग, डॉ शशांक बारले, डॉ प्रिया चन्दानन, डॉ श्रीयम शुक्ला, डॉ सुदीप्ता पाल, डॉ संध्या कंवर, डॉ सौरीन चटर्जी, डॉ सुधांशु शेखर सेनापति, डॉक्स नवेद मालिक, डॉ सुलेखा विंध्यराज, डॉ मोनिका मरकाम, डॉ हितेश प्रसाद पात्रे, डॉ अंजलि आर जोसेफ, डॉ प्रणय दत्ता, डॉ मोहम्मद असहर खान, डॉ पलक मेश्राम, डॉ रुपाली सिंह, डॉ राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ अवधेश सिदार, डॉ प्रतीक साहू, डॉ प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ मोहम्मद अरशद अंसार, डॉ सैयद ताजिश अली, डॉ अकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ योगिता पांडरे, डॉ भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग हेतु डॉ भोजमनियां, डॉ प्रेमा कुजूर व डॉ अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

# विधिक साक्षरता व साइबर सेल की जानकारी व एड्स जागरुकता




पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक के मार्गदर्शन व डॉ. किशोर कुमार तिवारी प्राचार्य के दिशा निर्देश में एवं कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर पिंकू साहू विधिक सलाहकार, चोला मंडल फाईनेस लिमिटेड द्वारा साक्षरता व साइबर सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। वर्तमान समय में पढ़े लिखे लोग भी अधिकतर आनलाईन ठगी का शिकार हो रहे है। ठगी के कारण व समाधान की जानकारी देते हुए उनसे सावधान रहने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही भारत के संविधान के मौलिक अधिकार व विधिक संहिता के बारे में बताया गया। एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरुकता का संदेश दिए। इस कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार भोई प्रधान पाठक शास उच्च प्राथमिक शाला खपरीडीह, चरण सिंह एवं धर्मेन्द्र भोई शिविर संगठक, किशन नंद शिविर दल नायक, जीतू साहू उप दल नायक व हिमांशु मांझी,नीतिश, योगेश, निलाम्बर, विकास राणा, कौशल चौधरी, सरिता वैष्णव, प्रीति साहू आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक जूली साव ने किया।

# प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में पुलिस द्वारा अपराधों के विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में किया जागरूक

## बालिकाओं को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से प्रति दिन पुरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान एवं महिला शसक्तिकरण, बालक, बालिकाओ, महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चो संबंधित अपराधों व यातायात के नियमों एवं चलित थाना के माध्यम से हॉट बाजारों, गांव एवं स्कुल, कालेजों में छात्र छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हमर पुलिस हमर बाजार एवं हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से महिला सेल प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा, महिला आरक्षक अमरीका पटेल, आरक्षक अमित कुमार, समाजसेवी वर्षा गौतम एवं अन्य स्टाफ के द्वारा प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास बेमेतरा के बालिका को हॉस्टल अधीक्षक रानू साहू की उपस्थिति में बालिकाओं को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया गया। बालिकाओं/ महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। तथा बाल सुरक्षा पर आधारित एवं चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर का विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। गुडटच व बेडटच, सेल्फडिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों और अत्याचार/ शोषण, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति आदि की सूचना किसी भी नागरिक द्वारा चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1800-123-6010 पर देने के संबंध में जानकारी देकर प्रचार-प्रसार एवं उपयोग के संबंध में बताया गया। हमें सदैव जागरूक रहने और घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने अपील की गई तथा सायबर, फर्जी काल, ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। तथा फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है बच्चो को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दिया गया तथा अन्य यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। साथ ही नवीन कानून के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा, महिला आरक्षक अमरीका पटेल, आरक्षक अमित कुमार, समाजसेवी वर्षा गौतम, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास बेमेतरा के हॉस्टल अधीक्षक रानू साहू व बालिकाएं उपस्थित रहें।

# आंगनबाड़ी के बच्चों ने किया कलेक्टर की स्वास्थ्य जांच



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर के तारबहार और लिंगियाडीह स्थित दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टर का रोल निभा रहे नन्हे मुन्ने बच्चों से अपना जांच करवाया। आंगनबाड़ी केंद्र में परोसे जा रहे भोजन, पढ़ाई लिखाई व उपलब्ध मनोरंजन के साधनों का जायजा लिया। बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की। केंद्र में अपने समक्ष आयुष्मान कार्ड बनवाकर हितग्राही को कार्ड वितरित किया। दोनों केंद्रों में 25-30 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके थे। कलेक्टर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और बच्चों के अभिभावकों से कहा कि आंगनबाड़ी के सभी बच्चों का सिकल सेल जांच कराया जाएगा। इसके अलावा केंद्र पर ही बच्चों के जाति, आय, निवास और जन्म प्रमाण पत्र बना कर दिए जाएंगे। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना जिला प्रशासन द्वारा तैयार की जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र पर ही आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना पर कलेक्टर ने खुशी जाहिर की और अच्छे कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सम्मानित किए जाने की घोषणा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



## ये काली काली आंखें में अपने किरदार के लिए गुरमीत चौधरी ने घटाया 10 किलो वजन

अभिनेता गुरमीत चौधरी को ये काली काली आंखें के नए सीजन में अपने दमदार किरदार में देखा जा सकता है। अपने इस खास किरदार के लिए अभिनेता ने अपने हेयर स्टाइल से लेकर अपने वजन घटाने पर भी काम किया। सीरीज में इस खास किरदार निभाने को लेकर गुरमीत ने काफी मेहनत की है। अपनी भूमिका में जान डालने के लिए अभिनेता ने सख्त डाइट और हैवी वर्कआउट से अपना लगभग 10 किलो तक वजन घटाया। ये काली काली आंखें में काम करने और अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेता गुरमीत ने कहा, सीरीज में गुरु का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद ही चुनौतीपूर्ण था। इसके साथ ही यह बेहद रोमांचक भी रहा। मेरे निर्देशक सिद्धार्थ सेनगुप्ता के पास मेरे किरदार के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण था, जिसके लिए मुझे बड़े पैमाने पर तैयारी करनी पड़ी। आगे कहा, मैंने इसके लिए कई एक्टिंग वर्कशॉप में भाग लिया, अपने लंबे बाल छोटे करवाए और वजन घटाने के लिए सख्त डाइट का पालन किया। मनचाहा लुक पाने के लिए मैं रोजाना बांद्रा में दौड़ने जाता था और आखिरकार मैंने 10 किलो वजन कम कर लिया। उन्होंने कहा कि इस सीरीज में काम करना मेरे लिए बेहद ही एक खास तरह का अनुभव था। मैं इसके लिए सिद्धार्थ सर का आभारी हूं, जिन्?होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझमें गुरु के किरदार को देखा। ये काली काली आंखें नेटफ्लिक्स पर एक रोमांटिक क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है जिसे सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने बनाया और निर्देशित किया है। इस सीरीज में श्वेता त्रिपाठी और आंचल सिंह भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, सूर्या शर्मा, अरुणोदय सिंह और बृजेंद्र काला भी सहायक भूमिकाओं में हैं। इस सीजन में गुरमीत चौधरी की भी एंट्री हुई है, जो पूर्वा का दोस्त है और उसे सुरक्षित घर वापस लाने की कसम खाता है। यह अस्तित्व का एक खतरनाक खेल है, और इस सीजन में गुरमीत चौधरी की दमदार एंट्री के साथ, दांव और भी बढ़ गए हैं। एजस्टॉर्म वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, ये काली काली आँखें सीजन 2, 22 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ। गुरमीत ने 2009 की टेलीविज़न सीरीज़ रामायण में देबिना बनर्जी के साथ राम की भूमिका निभाकर प्रसिद्धि पाई। इसमें देबिना ने सीता की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने गीत–हुई सबसे पराई, पुनर्विवाह, झलक दिखला जा, नच बलिए 6, फियर फैक्टर–खतरों के खिलाड़ी (सीजन 5) जैसे शो का हिस्सा ले चुके हैं। बॉलीवुड में गुरमीत की पहली फिल्म 2015 में आई थी।



### श्वेता त्रिपाठी की दर्शकों से गुजारिश

# महिला केंद्रित कहानियों को कीजिए सपोर्ट

श्वेता त्रिपाठी ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में उम्दा काम किया है। इस समय वह अपनी नई वेब सीरीज ये काली काली आंखें 2 को लेकर काफी उत्साहित हैं। इसमें उन्होंने काफी अलग रोल निभाया है। लेकिन इसके बावजूद वह मानती हैं कि अब भी महिला कलाकारों को उतने अच्छे रोल नहीं मिलते हैं, जितने की मिलने चाहिए।

**पुरुष कलाकारों को मिलती हैं अच्छी कहानियां**

हाल ही में एक इंटरव्यू में श्वेता त्रिपाठी कहती हैं कि पुरुष कलाकारों को बेहतर कहानियां मिलती हैं। इसलिए उनकी ख्वाहिश भी पुरुष किरदार निभाने की है। इसके अलावा वह दर्शकों से भी गुजारिश करती हैं कि महिला प्रधान फिल्मों और शो का समर्थन करें।

**ये काली काली आंखें 2 के किरदार से खुश**

श्वेता त्रिपाठी आगे कहती हैं कि मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार एक–दूसरे से अलग हों। वेब सीरीज ये काली काली आंखें 2में शिखा का किरदार मुझसे बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद ले रही हूं। इस सीरीज की कहानी थ्रिलर वाली है, जिसमें श्वेता के साथ ताहिर राज नजर आ रहे हैं।

**मिर्जापुर में किया था दमदार रोल**

श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज मिर्जापुर में भी गोलू का किरदार निभाया था। इसमें वह काफी दमदार किस्म के किरदार को निभाती हुई दिखीं। दर्शकों ने उनको इस रोल में काफी सराहा। उनके साथ इस सीरीज में कई उम्दा कलाकार भी थे, जिसमें पंकज त्रिपाठी और अली फजल जैसे नाम शामिल रहे।

**आगे भी अच्छा काम करेंगी**

आगे भी श्वेता का मन अच्छी और बेहतरीन फिल्में करने का है। इस समय तो वह वेब सीरीज ये काली काली आंखें 2 पर ही ध्यान दे रही हैं। वह जानना चाहती हैं कि दर्शक इस सीरीज को कितना पसंद करते हैं। इस वेब सीरीज की सफलता श्वेता के करियर में बहुत ज्यादा ही मायने रखती है।

## सामंथा ने बताया कैसे तलाक के बाद ध्वस्त हो गईं जीवन से जुड़ी योजनाएं

सामंथा रूथ प्रभु और नागा चैतन्या ने साल 2021 में तलाक की घोषणा की थी। दोनों ने साल 2017 में शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया था, लेकिन उनका ये रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं टिक सका। साल 2021 में दोनों ने तलाक ले लिया। तलाक के बाद अभिनेत्री ने अनुपमा चोपड़ा के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि जीवन के लिए उनके द्वारा बनाई गई सभी योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं। अब उनका ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री तलाक को लेकर बात करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, मेरा मतलब है, 2021 में मेरे निजी जीवन में जो कुछ भी हुआ है, उसे लेकर वास्तव में मुझे कोई उम्मीद नहीं थी। मेरी सभी सावधानीपूर्वक बनाई गई योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं, इसलिए मुझे कोई उम्मीद नहीं है। भविष्य में मेरे लिए जो कुछ भी है, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं बस इतना जानती हूं कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। अभिनेत्री ने तलाक के बाद हुई आलोचनाओं को लेकर कहा, मेरे बारे में बहुत सी ऐसी बातें कही गई जो बिल्कुल झूठ थीं। मुझे याद है कि जब चीजें वास्तव में बहुत खराब थीं। मेरे खिलाफ पूरी तरह से झूठ फैलाए जा रहे थे, तब मैंने खुद से यह बातचीत की थी। कई बार ऐसा हुआ जब मैं सामने आकर कहना चाहती थी कि यह सच नहीं है, मैं आपको सच बताती हूं।





## तापसी ने शाहरुख के व्यक्तित्व पर की बात

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को जितनी तारीफें उनकी शानदार अभिनय क्षमता के लिए मिलती हैं, उतनी ही तारीफें उन्हें उनके व्यवहार के लिए मिलती है। हाल में ही शाहरुख के साथ फिल्म डंकी में काम कर चुकीं अभिनेत्री तापसी पन्नू ने उनकी तारीफ की है। उन्होंने किंग अभिनेता की बुद्धिमता, उनकी मौजूदगी आदि चीजों को लेकर बात की है। तापसी ने कहा कि शाहरुख में कुछ ऐसे गुण हैं, जो उनको दूसरों से अलग करते हैं। वो अपने आप में बेजोड़ हैं। तापसी ने डंकी के दौरान शाहरुख खान के साथ काम करने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, ऐसे बहुत कम लोग हैं, जिनकी ऑन–स्क्रीन उपस्थिति ही नहीं, बल्कि ऑफ–स्क्रीन उपस्थिति भी होती है। वे बहुत पढ़े–लिखे हैं और आपसे कोई भी गहन बातचीत कर सकते हैं। तापसी ने शाहरुख खान को एक संपूर्ण व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि शाहरुख के पास बेहतरीन सेंस ऑफ ह्यूमर है और उनका दिमाग बातचीत के दौरान काफी सक्रिय भी रहता है, जो उन्हें एक संपूर्ण व्यक्ति बनाती है, जो उन्हें फिल्म इंडस्ट्री के अन्य लोगों से काफी अलग करती है। तापसी पहले ऐसी फिल्मी हस्ती नहीं हैं, जिन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार के व्यक्तित्व की तारीफ की।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले से मुक्त होंगी जैकलीन

जैकलीन फर्नांडीज का नाम काफी समय से ठग सुकेश चन्द्रशेखर से जोड़ा जाता रहा है। हाउसफुल 5 की अभिनेत्री ने हमेशा सुकेश के नाम से जुड़े सभी अवैध मामलों से अपने संबंधों से इनकार किया है। इस बीच, अभिनेत्री के वकील ने तर्क दिया है कि जैकलीन सुकेश के अवैध मामलों से अनजान थीं, और उन पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। जैकलीन फर्नांडीज के वकील ने दलील दी है कि उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप नहीं लगाया जा सकता क्योंकि वह पैसे कमाने के उद्देश्य से किसी अपराध का हिस्सा नहीं थीं। फर्नांडीज का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र से संबंधित है। अग्रवाल ने आगे तर्क दिया कि फर्नांडीज को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उन्हें चंद्रशेखर से जो गिफ्ट मिले थे, वे ठगी के पैसे से खरीदे गए थे। उन्होंने कहा, आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता दिखाने के लिए ज्ञान आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने विजय मदनलाल चौधरी के मामले में पिछले फैसले का भी हवाला दिया, जिसका अर्थ है कि जांच के दौरान जब्त की गई सभी संपत्ति आवश्यक रूप से अपराध की आय नहीं है। अग्रवाल ने यह भी तर्क दिया कि एक ही तथ्य पर दो मामले नहीं चलाए जा सकते। उन्होंने कहा कि अदिति सिंह से जबरन वसूली के एक मामले में मकोका के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है और अभिनेत्री उस मामले में गवाह हैं। इसलिए, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप नहीं लगाया जा सकता क्योंकि वह किसी अपराध सिंडिकेट का हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने इससे कोई आर्थिक लाभ नहीं उठाया है।

### 3 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

एएनआई के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब फर्नांडीज द्वारा उस आरोप पत्र के खिलाफ दायर याचिका में अपनी दलीलें पेश करेगा, जिसमें उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने मामले की अगली सुनवाई 3 दिसंबर को तय की है, जहां ईडी के विशेष वकील की दलीलें सुनी जाएंगी।





## तेलुगु फिल्म बेबी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे बाबिल-कृति

कला और फ्राइडे नाइट प्लान जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता बाबिल खान अब बॉलीवुड में बड़ा धमाल मचाने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बाबिल जल्द ही हिट तेलुगु फिल्म बेबी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। वह इस फिल्म में आनंद देवरकोंडा वाले किरदार को निभाते दिखेंगे। सूत्रों के अनुसार फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश अभी जारी है। तेलुगु संस्करण में वैष्णवी चैतन्य की अदाकारी को दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, हिंदी संस्करण के लिए दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कृति शेट्टी के नाम की चर्चा जोरों पर है। बाबिल और कृति के फिल्म में नजर आने की फिलहाल कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, दोनों ही कलाकारों के एक साथ नजर आने की चर्चा से फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।

### सुपर 30 में दिख चुकी हैं कृति

माना जा रहा है कि बॉलीवुड में कदम जमाने के लिए यह फिल्म बाबिल खान के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कृति शेट्टी के लिए भी यह फिल्म बॉलीवुड रास्ते खोलने में कारगर साबित हो सकती है। इससे पहले कृति को सुपर 30 में एक छात्रा की भूमिका में देखा गया था।

### द रेलवे मेन से बाबिल ने बटोरी थी सुर्खियां

वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले साल बाबिल को वेब सीरीज द रेलवे मेन में देखा गया था। इस शो में दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी के बीच बाबिल ने अपने अभिनय से दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित इस शो में उन्होंने इमाद रियाज नाम के शख्स की भूमिका निभाई थी। वहीं, कृति को हाल ही में मलयालम फिल्म एआरएम में देखा गया था। यह इस इडस्ट्री में उनकी पहली फिल्म थी।



## इस वजह से मल्लिका शेरावत ने ठुकरा दी 'द रॉयल्स'

अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने राजकुमार राव की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी फीमेल लीड के रूप में नजर आईं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें शुरू में नेटफ्लिक्स शो 'द रॉयल्स' का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था। यह एक मॉडर्न इंडियन रोमांटिक कॉमेडी सीरीज है। इस शो में उन्हें ईशान खट्टर की ऑनस्क्रीन मां की भूमिका के लिए चुना गया था। आइए जानते हैं अभिनेत्री यह ऑफर क्यों ठुकरा दिया था। मल्लिका ने ईशान खट्टर की ऑनस्क्रीन मां की भूमिका को ठुकराने का कारण भी बताया। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, मुझसे कुछ वादा किया गया था और जो अनुवाद किया गया वह मुझे पेपर पर बहुत ही बेकार लगा। मुझे धोखा और निराश महसूस हुआ, इसलिए मैं इसका हिस्सा नहीं बनना चाहती थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले मल्लिका की टीम ने बताया, मल्लिका ने प्रोडक्शन टीम के साथ रचनात्मक मतभेदों के कारण फरवरी में इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। भूमिका शुरू में किए गए वादे के अनुरूप नहीं थी। कई चर्चाओं के बाद, उन्होंने आखिरकार इसे छोड़ने का फैसला किया। 'द रॉयल्स' में भूमि पेडनेकर, जीनत अमान, चंकी पांडे और नोरा फतेही, चंकी पांडे और डिनो मोरिया, विहान समत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी

**अभिनेत्री की क्षमता का हुआ कम उपयोग**

मल्लिका ने यह भी साझा किया कि उन्हें लगता है कि कॉमेडी शैली में उनका कम उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, लोगों ने अभी भी मेरी क्षमता का उपयोग नहीं किया है। मैं चाहती हूं कि इंडस्ट्री मेरी कॉमिक टाइमिंग और मेरी क्षमता का अधिक से अधिक कॉमेडी में उपयोग करें, क्योंकि मुझे कॉमेडी करना पसंद है। मुझे लगता है कि कॉमेडी में मेरा कम उपयोग किया गया है और मैं चाहती हूं कि इंडस्ट्री मुझे अधिक से अधिक कॉमिक भूमिकाएं दे। साथ ही, मैं अब ऐसी भूमिकाएं करना चाहती हूं, जिसमें दम हो।

## फौजा के रीमेक पर राज शांडिल्य बोले

दुनिया के सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक फौजा सिंह पर आधारित फौजा के रीमेक को लेकर निर्माता राज शांडिल्य ने बात की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी कहानी है, जो क्षेत्रीय सीमाओं को पार करती है, उन्हें यह फिल्म हिंदी सिनेमा में लाने पर गर्व है। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के निर्माता, राज शांडिल्य और विमल लाहोटी ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'फौजा' का हिंदी में रीमेक के लिए टीम बनाई है। राज और विमल ने रीमेक के अधिकार हासिल कर लिए हैं। राज शांडिल्य के इस बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण उनके बैनर कथावाचक फिल्म्स के तहत किया जाएगा। फिल्म के बारे में बात करते हुए शांडिल्य ने कहा, फौजा एक ऐसी कहानी है, जो भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं को पार करती है। मुझे हिंदी सिनेमा में फौजा लाने पर गर्व है। 'फौजा' वास्तव में असाधारण साहस और भावना की कहानी है, जो देश भर के दर्शकों के द्वारा अनुभव की जाने योग्य है। मेरा लक्ष्य भी यही है कि एक ऐसी फिल्म तैयार हो जो हिंदी भाषी दर्शकों के साथ ही सभी को पसंद आए। निर्माता विमल लाहोटी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह व्यक्त किया और कहा, फौजा' उत्कृष्ट क्षेत्रीय सिनेमा को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम प्रभावशाली कहानी कहने में विश्वास करते हैं और फौजा का हिंदी रीमेक असाधारण क्षेत्रीय सिनेमा को दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में एक कदम है। इस तरह के बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। 'फौजा' का हिंदी में निर्माण एक ऐसी कहानी को फिर से बताने का एक अविश्वसनीय अवसर है, जिसने पहले ही कई लोगों के जीवन पर शानदार असर डाला है।



# भाजपा ने की निकाय-पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक में चुनावी रणनीति, विकास योजनाओं की समीक्षा, और कार्यकर्ताओं को संगठित करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत भाजपा की नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मिली सफलता और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति को छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, हमने बस्तर जैसे क्षेत्रों में टॉवर लगाए और नक्सल पीड़ितों के लिए 15,000 नए आवास मंजूर कराए। डबल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति दी है। बैठक में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के लिए जिम्मेदार नेताओं ने कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर जोर दिया। चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा कि यह चुनाव भाजपा की संगठनात्मक ताकत को दिखाने का अवसर है। भाजपा की यह बैठक संगठनात्मक मजबूती और चुनावी रणनीति का उदाहरण थी, जिसमें पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास और सुशासन के साथ जनता के बीच भरोसा बढ़ाने पर जोर देना है।

### जनता का पैसा बर्बाद नहीं होने देंगे : शिवप्रकाश

शिवप्रकाश ने कहा कि अगर भाजपा या उसकी विचारधारा के समर्थक सत्ता में आते हैं, तो जनता का पैसा बर्बाद नहीं होगा। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक सोच के साथ मुख्यधारा में लाने और तकनीकी प्रगति से गांवों को समृद्ध करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे कार्यक्रम रचनात्मक और युवाओं पर केंद्रित होंगे। नई पीढ़ी तकनीकी रूप से सक्षम है और उनके विचारों को पंचायत स्तर तक पहुंचाना भाजपा की प्राथमिकता होगी।

### लीडरशिप तैयार करने का अवसर : नितिन नबीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव कार्यकर्ताओं के नेतृत्व कौशल को निखारने का अवसर हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकारों की असफलताओं की तुलना भाजपा की उपलब्धियों से करते हुए कहा, हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस ने वादे पूरे नहीं किए, जबकि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने वादे समय पर पूरे किए।

### शहर और गांव में विकास पर जोर : अरुण साव

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि भाजपा ने शहरों के साथ-साथ गांवों को भी विकास की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। उन्होंने अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जनहित के कार्यों की निगरानी करने और जनता तक पहुंचने की अपील की।

### सुशासन और विकास योजनाओं की सफलता को जनता तक पहुंचाने का प्रयास : विजय शर्मा

विजय शर्मा ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के दृष्टिकोण से पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव एक साथ कराने का प्रयास किया जाएगा। सुशासन और विकास योजनाओं की सफलता को जनता तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई है।

# भारी वाहनों और अतिक्रमणकारियों पर पुलिस-निगम की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 100 से ज्यादा भारी मालवाहक वाहनों का कटा चालान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर रिंग रोड-01, रिंग रोड-02 और हाईवे के सर्विस रोड पर नो-पार्किंग में खड़े भारी मालवाहक वाहनों और अन्य अतिक्रमणकारियों पर व्यापक कार्रवाई की गई। रिंग रोड-01, रिंग रोड-02 और हाईवे पर यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर 100 से अधिक भारी मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई की गई। ये वाहन लापरवाहीपूर्वक नो-पार्किंग जोन में खड़े थे, जिससे आवागमन में बाधा और दुर्घटनाओं का खतरा उत्पन्न हो रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) डॉ. अनुराग झा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने शंकर नगर और पंडरी रोड जैसे व्यस्त इलाकों में भी चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 400 वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान रिंग रोड-01 की सर्विस रोड के किनारे खड़े 70 से अधिक वाहन हटाए गए। शंकर नगर और पंडरी मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाने वाले और यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान में यातायात पुलिस, नगर निगम अतिक्रमण उड़नदस्ता टीम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से काम किया। यातायात पुलिस ने नागरिकों और दुकान संचालकों से अपील की है कि सर्विस रोड को केवल वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए उपयोग करें। इसे गैरेज या पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस का यह अभियान राजधानी के अन्य प्रमुख मार्गों और इलाकों में भी जारी रहेगा ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा प्रदान की जा सके।

# माओवाद प्रभावितों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिला सीईओ नम्रता जैन ने शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और पूर्णता पर विस्तार से चर्चा किया गया। समीक्षा बैठक में जिला सीईओ जैन ने कहा कि अपूर्ण आवासों को हितग्राही और पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण करें और पूर्ण हो चुके आवासों में पूर्णता प्रमाण पत्र तत्काल लगायें।

आत्मसमर्पित माओवादियो और माओवाद पीड़ित परिवारों का सर्वे कर उनकी सूची बनायें। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्राथमिकता से उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया जाएगा। जिन हितग्राहियों को योजना का द्वितीय किश्त प्रदान किया जा चुका है उनको आवास जल्द ही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आवास स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत सर्वे कार्य सोमवार तक पूर्ण करने, वित्तीय वर्ष 2024-25 के शेष आवासों का स्वीकृति शत-प्रतिशत करने एवं वित्तीय वर्ष 16-17 से 23-24 तक के अपूर्ण आवासों को 31 दिसंबर के पूर्व प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया। समीक्षा बैठक में सभी जनपद सीईओ, ब्लॉक कोर्डिनेटर, आवास मित्र, सचिव तथा जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# तकनीक की उड़ान से ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा ने खरीफ और रबी सीजन में कमाये दो लाख रुपए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जो हाथ कुशलता से चूल्हा-चौका का काम करते हैं वे तकनीक के क्षेत्र में भी उतनी ही कुशलता का परिचय दे सकते हैं। डबल इंजन की सरकार में महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से अपितु तकनीकी रूप से भी सक्षम हो रही हैं। छत्तीसगढ़ की ड्रोन दीदियों ने इस सोच को साकार कर दिया है। रायपुर जिले की ग्राम नगपुरा की ड्रोन दीदी चंद्रकली की सफलता की उड़ान ड्रोन की तरह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम से वे भी ड्रोन दीदी बनीं। उन्होंने ड्रोन चलाना सीखा और बहुत थोड़े समय में इसमें कुशल हो गई। चंद्रकली बताती हैं कि हुनरमंद होने से उनके काम का मूल्य भी कई गुना बढ़ गया। वे केवल 10 मिनटों में एक एकड़ खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर देती हैं और इससे 300 रुपए कमा लेती हैं। गांव में खेतों में छिड़काव के बाद उनके ड्रोन चालन की कुशलता की जानकारी पड़ोसी गांवों में भी फैल गई। उन्हें खूब काम मिला और पूरी लगन के साथ चंद्रकली ने लगभग 700 एकड़ खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव कर दिया। सबसे बड़ी खूबी यह है कि तकनीक ने उन्हें समय की बाधा से पूरी तरह से मुक्त कर दिया। वे बच्चों को तैयार करती हैं। घर में चूल्हा-चौका कर लेती हैं फिर खेतों के लिए निकल पड़ती हैं। उनके हाथ में ड्रोन का रिमोट होता है। जैसे ही चंद्रकली ड्रोन कंट्रोल रिमोट ऑन करती हैं, धीरे-धीरे ड्रोन गति लेते हुए आसमान की ओर उड़ता है और खेत का चक्कर काटने लगता है। अब चंद्रकली अपने गांव सहित आसपास के क्षेत्र में ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है। रायपुर जिले की आरंग विकासखंड की निवासी वर्मा कुछ महीनों पहले महिला समूह से जुड़कर बहुत ही कम आमदनी प्राप्त कर रही थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2023 को नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर बनाते हुए आधुनिकता से जोड़ना है। इसी योजना के तहत छत्तीसगढ़ की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को चयन किया गया जिसमें रायपुर जिले की चन्द्रकली वर्मा भी शामिल थी। चन्द्रकली बताती हैं कि उनके समूह में अच्छे कार्य को देखते हुए इस योजना के लिए चयनित किया गया और ऑनलाइन इन्टरव्यू हुआ। जिसके लिए उन्हें ग्वालियर में 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई और दिसंबर 2023 में इन्हें ड्रोन निःशुल्क दिया गया, साथ ही परिवहन के लिए ड्रोन वाहन दिया गया। वे बताती हैं कि मुझे अन्य दीदियों के साथ उत्तर प्रदेश के फूलपुर में आमंत्रित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें नमो ड्रोन दीदी की उपाधि दी।

# जनजातीय जीवनशैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज़ियम जल्द लेगा मूर्तरूप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनजातीय जीवन शैली पर आधारित ट्रायबल म्यूज़ियम जल्द ही मूर्तरूप लेगा। यह म्यूजियम, प्रदेश को जनजातीय परिदृश्य में देश में एक नया स्थान प्रदान करेगा। नया रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में बनाए जा रहे, इस म्यूज़ियम का आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने 10 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने इस निर्माणाधीन म्यूज़ियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि म्यूजियम में राज्य के सुदूर जनजातीय क्षेत्रों से जो भी बहुमूल्य आर्टिफेक्टस संकलित किए गए हैं, उन्हें साफ करके वुडन पेंट के माध्यम से दीमकरोधी किया जाए। उन्होंने सभी गैलरियों में आवश्यकतानुसार बांस एवं छिंद की सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि म्यूजियम में और अधिक जीवंतता लाई जा सके, इसके लिए धमतरी एवं गरियाबंद जिले के कुशल जनजातीय कारीगरों से भी मदद ली जाए। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, टीआरआई के संचालक पी.एस.एल्मा सहित निर्माण एजेंसी से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि दो मंजिला इस म्यूजियम में कुल 14 गैलरियां बनाई जा रही है। प्रथम गैलरी में छत्तीसगढ़ की जनजातीय परिचय, दूसरी गैलरी में जीवन संस्कार, तीसरी गैलरी में आवास एवं घरेलू उपकरण, चौथी गैलरी में शिकार उपकरण, पांचवीं गैलरी में वस्त्र आभूषण, छठवीं गैलरी में कृषि एवं कृषि उपकरणों को प्रदर्शित किया गया है। इसी प्रकार सातवी गैलरी में पारंपरिक जनजातीय लोकनृत्य, आठवीं गैलरी में जनजातीय लोक वाद्ययंत्र, नौवीं गैलरी में धार्मिक जीवन, दसवीं गैलरी में जनजातीय तीज त्यौहार एवं अनुष्ठान, ग्यारहवीं गैलरी में पारंपरिक तकनीक, बारहवीं गैलरी में विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा, तेरहवीं गैलरी में आडियो वीडियो एवं फोटो गैलरी सह कार्यशाला तथा अंतिम चौदहवीं गैलरी में विशेष पिछड़ी जनजातियों से संबंधित अन्य जानकारी उकेरी जा रही है। इसके अलावा म्यूजियम में खूबसूरत सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले आगंतुक इस यादगार पल को हमेशा के लिए अपनी यादों में संजो सके।

# मौसम का बदला मिज़ाज, किसानों की फसल को खासा नुकसान

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



कसडोल विकासखंड में बारिश होने की वजह से अंचल के किसानों को झटका लगा है, उनके खेत अभी फसल कटाई के लिए तैयार ही हुए थे कि अचानक मौसम में बदलाव तथा बारिश की वजह से किसानों में निराशा छा गई, हार्वेस्टर से धान कटवाने की शुरुआत होते ही जमीन बारिश की वजह से गीली हो गई तथा फसल की कटाई में फिर से विलंब होता दिख रहा है। अब किसानों के पास हाथ से ही फसल कटाई करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है।

**खेतों में कटवा नामक कीट का भी प्रकोप लगातार बढ़ता हुआ दिखा** - उल्लेखनीय है कि अंचल में धान की फसल पर कटवा नामक कीट का भी प्रकोप लगातार बढ़ता ही दिख रहा है, यह कीट धान की बालियों पर आक्रमण करता है तथा परिपक्व बालियों को काट कर नीचे गिरा देता है जिससे बीजों में नमी आने के साथ ही क्वालिटी पर भी असर होता है तथा बीजों का उठाव कर पाना मुश्किल हो जाता है। वहीं धान खरीदी केंदों द्वारा जारी गुणवत्ता के मानक पर बीज खरे नहीं उतर पाते हैं एवं निरस्त होने की संभावना के चलते खासी परेशानी आती है। इस स्थिति में फसल पर कीटनाशकों का प्रयोग करना ही पड़ता है जो बीज की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

### प्रति एकड़ खर्च में लगभग 6000 रुपए तक की बढ़ोतरी निश्चित

परंपरागत तरीके से धान काटने एवं कीटनाशक क्रय करने की वजह से किसानों का खर्च लगभग 6000 रुपए प्रति एकड़ तक बढ़ जाता है। मजदूरी तथा धान की खेतों से ढुलाई का खर्च भी किसानों को अतिरिक्त वहन करना पड़ता है, जिससे किसानों की आय पर भी खासी चोट पहुंचती है। ऐसे में किसान कर्ज में डूबते चले जाते हैं। अंचल के किसानों का कहना है कि राज्य सरकार इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए किसानों के हित में विचार करे।

### बस्तर को मिले 15 हजार पीएम आवास, मंत्री केदार ने जताया पीएम मोदी और सीएम साय का आभार



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति दी है। वनमंत्री केदार कश्यप ने केंद्र सरकार द्वारा आवास स्वीकृत किए जाने पर एक बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मोदी सरकार का यह कदम बस्तर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वनमंत्री केदार ने बस्तर वासियों की ओर से पीएम मोदी और विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले पीड़ित परिवारों और आत्म समर्पण कर चुके नक्सलियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में डबल इंजन सरकार की यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। वनमंत्री ने कहा कि नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन देने के लिए विष्णुदेव साय की सरकार कृत संकल्पित है।


02 Dec. 2024 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403